सभी सम्मानित ग्राहकों एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक समान बैंकिंग समय पर भारतीय बैंक संघ के अद्यतन दिशानिर्देश एवं राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति, दिल्ली द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, **बैंक ऑफ महाराष्ट्र की दिल्ली राज्य मे स्थित सभी 41 बैंक शाखाओं का बैंकिंग समय मंगलवार दिनांक 01.10.2019 से प्रातः 10.00 से साँय 4.00 होगा।**
कृपया इस परिवर्तन को नोट करें।
प्राधिकृत अधिकारी, दिल्ली अंचल

'देश के विकास की नींव दिल्ली में रखी जा रही है'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि देश के विकास की नींव दिल्ली में रखी जा रही है। अब से पूर्व सरकारी स्कूलों को बंद करने व उन्हें निजी हाथों में सौंपने की सोच थी। इस सोच में बीते पांच सालों में दिल्ली सरकार ने बदलाव किया है और निजी स्कूलों से सरकारी स्कूल बेहतर हुए हैं। वे शनिवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हुए युवाओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की राजनीति में यह बदलाव किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में बिना पैसे के राजनीति हो रही है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने कॉलेज में बदलाव व सुधार लाने के लिए काम करें। इसके लिए किसी तरह की वित्तीय सहायता की आवश्यकता है तो यह मदद दिल्ली सरकार देगी। कॉलेज के बाद देश की चिंता करना। उन्होंने कहा कि मैं भी ऐसा करता हूं, ऐसा करने वाले लोगों के परिवार की चिंता भगवान करते हैं। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य व ताकत हैं।

'नवरात्र में प्याज पर रहेगी राहत'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

नवरात्र से ठीक पहले दिल्ली सरकार ने सस्ती प्याज की बिक्री शुरू कर दी है। शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्याज बिक्री वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने जनता के लिए प्रतिदिन एक लाख टन प्याज का इंतजाम किया है और मोबाइल वैन के माध्यम से सभी क्षेत्रों में इस प्याज की बिक्री की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र में प्याज की खपत कम होती है लेकिन दिल्ली सरकार की टीमें प्याज के दामों की स्थिति पर सीधी नजर रखेंगी। सरकारी प्याज जनता के लिए 23.90 रुपए प्रति किलोग्राम की दर पर उपलब्ध होगा।

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	33.0 डि.से.	33.0 डि.से.	30.6 डि.से.	33.0 डि.से.
न्यूनतम	24.1 डि.से.	24.1 डि.से.	24.1 डि.से.	24.2 डि.से.

दिल्ली में बढ़ी अवैध हथियारों की तस्करी

घी के डिब्बे, सिलेंडर में हथियार

निर्भय कुमार पांडेय
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

दिल्ली में अवैध हथियारों की तस्करी बढ़ने के साथ मांग भी लगातार बढ़ती जा रही है। इसी का परिणाम है कि मामूली कहासुनी या फिर लूटपाट का विरोध करने पर गली नुक्कड़ में बदमाश किसी को गोली मारने से नहीं हिचक रहे। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने इस साल अभी तक 550 अवैध हथियार जब्त किए हैं। इनमें से कई हथियार अत्याधुनिक होने के साथ-साथ ऑटोमैटिक भी हैं। साथ ही तस्करों की निशानदेही पर बड़ी संख्या में कारतूस और मैग्जीन भी जब्त किए गए हैं। इन बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि दिल्ली और आस पास के संगठित गिरोह के अलावा छोटे बदमाश भी हथियारों की मांग करने लगे हैं।

पुलिस की सख्ती को देखते हुए बदमाशों ने हथियारों को दिल्ली तक लाने के लिए तरीका और रास्ता बदल लिया है। 26 सितंबर को एक ऐसे ही गिरोह को स्पेशल सेल ने पर्दाफाश किया था, जो प्लास्टिक के डिब्बे में वनस्पति घी की आड़ में और सीएनजी सिलेंडर में हथियारों का जखीरा लेकर दिल्ली आया था।

स्पेशल सेल एक अधिकारी की माने तो पिछले कुछ दिनों से पुलिस मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की ओर से चलाई जाने वाली गोलियां की संख्या बढ़ गई है। पहले एक-दो राउंड गोलियां चला करती थी, जिसके बाद बदमाश अपने आप को आत्मसमर्पण कर दिया करते थे, लेकिन पिछले दिनों कई ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिसमें अधिक संख्या में गोलियां चलाई गई हैं। इसका एक कारण यह भी है कि अब ऑटोमेटिक और सेमी ऑटोमेटिक हथियारों की आपूर्ति पिछले कुछ सालों में बढ़ गई है। 27 अगस्त को पुलिस ने ऐसे गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार किया था, जिसके पास से 23 ऑटोमेटिक पिस्तौल और 50 कारतूस जब्त किए गए थे। खास बात यह है कि पहले मेरठ और बिहार के मुंगेर से हथियार लाया जा रहा था। पर अब मध्य प्रदेश के रास्ते हथियार लाए जा रहे हैं। घी की आड़ में पहली बार हथियार भिंड से लाया गया था, जहां पर लोगों के पास सबसे अधिक लाइसेंसी हथियार है। वहां के लोग भी अब अवैध हथियारों की तस्करी करने लगे हैं। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा का कहना है कि दिल्ली में अवैध हथियारों की आपूर्ति करने वाले गिरोह पर टीम की विशेष नजर रहती है। पर तस्कर तरीका और रास्ता बदल रहे हैं।

पुलिस की स्पेशल सेल ने हथियारों का जखीरा बरामद किया था जिसे प्रेस के सामने प्रदर्शित किया गया।

मामूली कीमत पर सौदा

दिल्ली और आसपास में अवैध हथियार 20-25 हजार रुपए में मिल जाते हैं। तस्करों को ये हथियार आठ-दस हजार रुपए में मिलता हैं। यही कारण है कि पिछले कुछ महीनों में दिल्ली में हथियारों की मांग बढ़ गई है। इसके साथ ही कारतूस की कीमत भी 200-400 रुपए है।

राजधानी में बढ़ते मामले

- 26 सितंबर 2019 : वनस्पति घी के अंदर डालकर ला रहे 26 पिस्तौल और मैगजीन किया जब्त
- 21 सितंबर 2019 : एक तस्कर के पास से चार पिस्तौल और 500 कारतूस बरामद
- 09 जुलाई 2019 : पिता पुत्र किए गए गिरफ्तार, 1250 कारतूस जब्त
- 20 जून 2019 : तीन तस्कर गिरफ्तार 30 सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल जब्त
- 06 जून 2019 : वाहन में खास डिक्की बनाकर हथियार की तस्करी, तीन गिरफ्तार 21 पिस्तौल
- 03 अप्रैल 2019 : दो तस्कर गिरफ्तार 52 पिस्तौल किया गया बरामद
- 12 अप्रैल 2019 : 50 हजार रुपए का इनाम तस्कर गिरफ्तार, 21 पिस्तौल और 42 मैग्जीन जब्त

एम्स में आग की नहीं आई जांच रिपोर्ट

गलियारे और व्याख्यान कक्ष में काम निपटा रहे डॉक्टर

प्रतिभा शुक्ल
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में लगी आग की घटना के करीब डेढ़ महीने बाद भी अभी तक मामले की जांच रिपोर्ट नहीं आई है। भले ही एम्स निदेशक ने आग लगने के अगले दिन ही स्थिति सामान्य होने का दावा किया था, लेकिन न ही नुकसान का लेखा जोखा हो पाया है और न ही प्रभावित हिस्से के सभी चिकित्सकों को अभी तक बैठने की जगह मिली है।

वे किसी तरह वार्डों में गलियारे व सेमिनार कक्ष में अपना काम चला रहे हैं। यह ही नहीं कंप्यूटर व प्रिंटर जैसे बुनियादी जरूरत के सामान का भी इंतजाम जुगाड़ लगा कर कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक अभी कुछ और नमूने जांच के लिए जाएंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि मामले की अंतरिम रिपोर्ट चार या पांच अक्तूबर तक आएगी। आग के प्रभाव से उबरने के वैकल्पिक इंतजाम किए जा रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक पहले एम्स प्रशासन ने विभागीय जांच ही कराने का मन बनाया था। लेकिन निदेशक के साथ हुई तमाम अधिकारियों की बैठक में कोई भी संकाय सदस्य इसके पक्ष में नहीं थे। इसकी बाहरी एजंसी से उच्चस्तरीय जांच की मांग की जाती रही। एम्स प्रशासन की संकाय सदस्यों व विभागाध्यक्षों के साथ दो बार की बैठक के बाद तय हुआ कि जांच नेशनल काउंसिल ऑफ सीमेंट एंड बिल्डिंग मटीरियल रिसर्च से कराई जायगी। इसके बाद जांच प्रकिया शुरू हुई। जो अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। पता चला है कि अभी कुछ नमूने और लिए जा सकते हैं। उसके बाद ही इस मामले में अंतरिम रपट जारी की जाएगी।

राहत शिविर सा नजारा अभी भी

आग लगी इमारत के हिस्से में कहीं मरम्मत चल रहा है तो कहीं ताला लगा कर सुरक्षा गार्ड बिठाए गए हैं। संकाय सदस्य राहत शिविर सरीखे आबंटित छोटे से जगह में काम कर रहे हैं। नोटिस बोर्ड पर पेपर पिन के सहारे तौलिया टांगे हैं जो मरीज देखने के बाद, हाथ धोने पोछने के लिए जरूरी हैं तो कहीं टूटे स्टूल पर किसी तरह से टिका कर रखा प्रिंटर रखा गया है। चिकित्सक मरीजों के अलावा पठन-पाठन के दस्तावोजों भी सहेजने की कोशिश कर रहे हैं। एक संकाय सदस्य ने कहा कि उनको अपने दस्तावेज फिर से बनवाने के लिए सबूत के तौर पर आग में उसके जल जाने का प्रमाणपत्र चाहिए लेकिन अभी तक उनको एम्स प्रशासन की ओर से ऐसा कोई सहायक दस्तावेज नहीं मिल पाया है। गौरतलब है कि एम्स में 17 अगस्त को लगी आग में एम्स के कई संकाय सदस्यों के कमरे, कई प्रयोगशालाएं, काफी मशीनें, जांच नमूने व अहम दस्तावेज जल कर खाक हो चुके हैं अथवा भीग कर खराब हो चुके हैं।

संसाधनों की मारामारी

संकाय सदस्यों को कमरे, कुर्सी, कंप्यूटर, प्रिंटर से लेकर फाइलें रखने की अलमारी तक पाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। कई संकाय सदस्यों ने कमरे न मिल पाने की बात भी कही। नेफ्रोलॉजी विभाग के ही कुल छह में से दो फैकल्टी को अभी तक कोई जगह नहीं मिली। इसके अलावा नए भर्ती किए गए 180 संकाय सदस्यों में से कई के पास अभी भी बैठने की जगह नहीं है। कुछ संकाय सदस्य वार्ड में ही खोखेनुमा जगह में दफ्तर बना कर काम कर रहे हैं। एम्स प्रशासन का कहना है कि नए बने कंवर्जन ब्लॉक में वैकल्पिक तौर पर संकाय सदस्यों को बैठने का इंतजाम किया गया है। इसी इमारत में जांच के लिए सूक्ष्म जैविकी विभाग की प्रयोगशाला को जगह दी गई है।

कार्रवाई के नाम पर सर्कुलर

एक सर्कुलर जारी कर कहा गया है कि ढीले तार में स्पार्किंग हो तो ठीक कराने की जिम्मेदारी विभागाध्यक्ष की होगी। एक विभागाध्यक्ष ने कहा कि यह देखने का काम अस्पताल प्रबंधन का है न कि किसी विभागाध्यक्ष का। सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि कोई भी फाइल स्टील की आलमारी में ही रखी जाय बाहर नहीं, जबकि संकाय सदस्यों के पास स्टील की आलमारी है ही नहीं। हिदायत है कि सीपीयू के पास कोई भी कागज व फाइलें न रखी जाएं।

खबरों में शहर

पूर्व सांसद बैकुंठ लाल प्रेम का निधन

जनसत्ता संवाददाता
नईदिल्ली, 28 सितंबर।

पूर्व सांसद बैकुंठ लाल प्रेम का शनिवार को निधन हो गया। बैकुंठ लाल दो बार दिल्ली से सांसद और विश्व हिंदू परिषद में केंद्रीय मंत्री रहे हैं। विहिप के उपाध्यक्ष चम्पत राय ने बताया कि रविवार को प्रातः विश्व हिंदू परिषद मुख्यालय में रखा जाएगा। उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह 9 बजे निगम बोध घाट पर किया जाएगा। चम्पत राय ने बताया कि बैकुंठ लाल प्रेम ने पद प्रतिष्ठा से ऊपर रहकर समाज के हर वर्ग के लिए कार्य किया है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने बताया कि 17 दिसंबर 1929 में उनका जन्म अविभाजित भारत के सियालाकोट में हुआ था और वे बाल्यकाल से ही संघ से जुड़े हुए थे। एक लंबे समय तक उन्होंने विश्व हिंदू परिषद में महामंत्री बतौर कार्य किया।

छात्रों के लिए 'बेसिक फर्स्ट' कार्यक्रम शुरू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

प्रौद्योगिकी आधारित ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म 'बेसिक फर्स्ट' ने भारत में स्कूली छात्रों के लिए ऑनलाइन क्लासेस शुरू करने की घोषणा की है। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में बेसिक फर्स्ट के प्रधान रणधीर कुमार प्रियदर्शी ने कहा कि उनके प्लेटफॉर्म पर यह नई सेवा अगले तीन महीनों के भीतर नौ भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होगी।

जबरन सेवानिवृत्ति न दे सरकार : एनएफआइआर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

रेलवे के कर्मचारी यूनियन एनएफआइआर (नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमैन) ने सरकार से मांग की है कि वो केंद्रीय कर्मचारियों को जबरन सेवानिवृत्ति न दे। एनएफआइआर महामंत्री डॉ एम राघवैया ने संसदीय सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि इससे कर्मचारियों का काम प्रभावित होने की संभावना है। किसी भी निर्णय को लेने से पहले इसपर संबंधित पक्षकारों से बातचीत होनी चाहिए। एनएफआइआर प्रवक्ता व सचिव एसएन मलिक ने कहा कि सरकार सेवानिवृत्ति की नीति के संशोधन पर विचार कर रही है। नए नियम ला रही है। जिसमें केंद्र सरकार के कर्मचारियों में जिन्होंने 33 साल की सेवा या 60 साल की आयु जो भी पहले पूरी कर ली हो, को सेवानिवृत्त किया जाए। उन्होंने कहा- नियमों के मुताबिक ऐसे महत्त्वपूर्ण मामलों पर परामर्श होना चाहिए।

आज के कार्यक्रम

सभा संगोष्ठी

'दिवा बाई दीपिका' : डांडिया नाइट-19 का आयोजन, पीओएसआइ क्लब लॉन, नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी, शाम पांच बजे से।

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : विश्व हृदय दिवस पर चर्चा, एनेक्स सभागार, मैक्समूलर मार्ग, शाम छह बजे।

पूर्व प्रशासक मंच: व्याख्यानमाला, तीनमूर्ति भवन, चाणक्यपूरी, सुबह सौढ़े नौ बजे।

ग्रे लाइन : द्वारका-नजफगढ़ मेट्रो गलियारा नवरात्रों में शुरू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

द्वारका-नजफगढ़ मेट्रो कॉरिडोर (गलियारा) परिचालन के लिए तैयार है। 4.295 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में तीन स्टेशन द्वारका (ब्लू लाइन से इंटरचेंज), नांगली और नजफगढ़ शामिल हैं। इस खंड के खुलने के बाद दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क विस्तृत होकर 274 स्टेशन सहित 377 किलोमीटर (नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन को मिलाकर) लंबा हो जाएगा।

मेट्रो अधिकारियों ने मीडिया के साथ शनिवार को इस खंड का दौरा किया। इसे नवरात्रों के बीच में किसी भी दिन लोगों के लिए शुरू कर दिया जाएगा। द्वारका इंटरचेंज स्टेशन की सुविधा से नजफगढ़ से आने वाले यात्री दिल्ली और आस पास के सुदूर इलाकों तक आसानी से सफर कर सकेंगे। मेट्रो के कार्यकारी निदेशक कैर्पोरेट कम्युनिकेशन ने बताया कि 4.295 किमी लंबाई में, 2.754 किमी उपरिगामी (एलिवेटेड) और 1.541 किमी भूमि के नीचे (अंडरग्राउंड) है। लाइन स्टैंडर्ड गेज व रंग ग्रे है। द्वारका में ब्लू लाइन के साथ गाड़ी बदली जा सकेगी। नजफगढ़ अंडरग्राउंड स्टेशन है जबकि द्वारका और नांगली उपरिगामी है। इस खंड का 1.18 किमी आगे बस स्टैंड तक विस्तार होगा। इस खंड के दिसंबर 2020 तक पूरा होने की संभावना है।

इस खंड के तीनों जगहों पर छत के ऊपर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए गए हैं। द्वारका स्टेशन पर 175 किलोवाट, नजफगढ़ डिपो में 182 व नांगली पर 240 किलोवाट का संयंत्र लगाया गया है, जिससे द्वारका-नजफगढ़ कॉरिडॉर की उत्पादन क्षमता 597 किलोवाट होगी। लगभग 2000 वर्ग मीटर अतिरिक्त पार्किंग क्षेत्र स्टेशन पर उपलब्ध कराया जाएगा। ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा और बसों के जरिए आने-जाने की व्यवस्था के साथ विस्तृत मल्टीमॉडल एकीकरण का प्रावधान है। स्टेशन की सुंदरता के लिए कई स्थलों पर कला के नमूने हैं।

डीटीसी बस में दरवाजे के पास खड़ा था बुजुर्ग, गिरकर हुई मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

कश्मीरी गेट थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की मौत डीटीसी बस से गिरने से हो गई। घटना के समय बुजुर्ग दवा लेकर बस से घर की ओर लौट रहे थे और बस के गेट के पास खड़े थे। चालक ने दरवाजा बंद नहीं किया था। चालक ने मोड़ पर जैसे ही बस को घुमाया। बुजुर्ग असंतुलित होकर सड़क पर नीचे गिर गए और बस का पहिया उनके सिर पर चढ़ गया। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बुजुर्ग की पहचान राम खिलावन (63) के तौर पर हुई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी चालक बागपत निवासी जय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

जानकारी के मुताबिक राम खिलावन सी-1/75, सोनिया विहार में परिवार के साथ रहते थे। परिवार में पत्नी, बेटे और बहुएं हैं। राम खिलावन के बेटे कर्मवीर ने बताया कि शुक्रवार सुबह उनके पिता उत्तरी दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के लिए गए थे। दवा लेने के बाद वह घर आने के लिए एक डीटीसी बस में चढ़े।

कश्मीरी गेट पर उतरकर उन्हें सोनिया विहार के लिए दूसरी बस पकड़ी और वह बस के गेट पर खड़े हो गए। चालक ने भी बस का दरवाजा खोला हुआ था। जैसे ही वह कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन गेट नंबर-6 के पास पहुंचे। इसी बीच चालक ने तेज रफ्तार में बस को बाई ओर मोड़ दिया। दरवाजा खुला होने के कारण राम खिलावन संतुलन नही बना पाए। वह चलती बस से नीचे गिर गए और बस के पहिये के नीचे आ गए। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस उन्हें लेकर अस्पताल गई, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बाद में आरोपी चालक जय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

साउथ एक्स के बार में पुलिस की छापामारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

साउथ एक्स स्थित एक बार में बिना लाइसेंस परोसी जा रही विदेशी शराब जब्त की गई। आबकारी विभाग ने सूचना पर बार में छापामारी की थी। शिकायत पर कोटला मुबारकपुर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और बार संचालक कैलाश हिल्स निवासी अमित सिंह और प्रबंधक महेश को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, आबकारी विभाग के एसीपी आलोक कुमार ने बताया साउथ एक्स भाग-1 के एन-ब्लॉक में एक बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर चल रहे एक रेस्तरां बार में बिना लाइसेंस के शराब परोसे जाने की जानकारी मिली थी। एसआइ विशाल चौधरी की टीम ने शुक्रवार रात नोक्टुर्नल ल्यिकल एयर बार में दबिश डाली, बार काउंटर पर शराब बेची की जा रही थी। दबिश डालने वाली टीम ने बार संचालक से लाइसेंस दिखाने के लिए कहा, जिसे वह नहीं दिखा सका।

महिला की पीट-पीटकर हत्या, ससुराल पक्ष पर आरोप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

- पीड़ित परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप, एसडीएम को जांच
- नरेला औद्योगिक थाना क्षेत्र की वारदात, आरोपी पति को गिरफ्तार किया गया

नरेला औद्योगिक थाना क्षेत्र में एक महिला की पति ने पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान अंगूरी (23) के रूप में हुई है। महिला के मायके वालों ने उसके पति और ससुराल के अन्य सदस्यों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी पति सद्दाक को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायत के आधार पर इस मामले की जांच स्थानीय एसडीएम को सौंप दी गई है।

जानकारी के मुताबिक अंगूरी जेजे कॉलोनी, बवाना में अपने पति के साथ रहती थी। उसकी तीन साल पहले शादी हुई थी। शुक्रवार को उसके ससुराल वालों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के शरीर पर चोट के निशान थे। जांच में पुलिस को पता चला कि 25 सितंबर को दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इस दौरान सद्दाक ने अंगूरी की बुरी तरह पिटाई कर दी। शुक्रवार को अंचानक अंगूरी की तबीयत खराब हो गई। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही अंगूरी के मायके वाले मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दी। परिजनों का आरोप है कि उसके ससुराल वाले दहेज के लिए अक्सर उसको प्रताड़ित व उसके साथ मारपीट करते थे।

रेनिटिडीन दवा को लेकर चेतावनी जारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली , 28 सितंबर।

मरीज की एसिडिटी (बदहजमी) का इलाज करने वाली दवा रेनिटिडीन को लेकर भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआइ) ने चेतावनी जारी की है। दवा के बारे में महानियंत्रक ने कहा है कि इस दवा में ऐसे तत्व मौजूद हैं जिनसे कैंसर का खतरा है। इसलिए इस दवा को कोई भी न खाए। महानियंत्रक ने सभी राज्य दवा नियंत्रकों से भी कहा है कि वे मरीजों की सुरक्षा के लिए इस दिशा में जरूरी कदम उठाएं। दवा निर्माता कंपनियों को भी बाजार में मौजूद उनकी दवाएं वापस लेने को कहा है।

विक्रेताओं को भी इस दवा की बिक्री तत्काल प्रभाव से रोकने को कहा गया है। इस दवा में मौजूद घातक रसायनों को देखते हुए अमेरिका सहित कई देशों ने इसे प्रतिबंधित कर रखा है।

हरियाणा विस चुनाव 2019 | पिछले विधानसभा चुनाव में फरीदाबाद की तीन-तीन सीटों पर जीती थी कांग्रेस और भाजपा

नौ सीटों पर अपनी-अपनी साख बचाने की लड़ाई

अनूप चौधरी
फरीदाबाद, 28 सितंबर।

हरियाणा विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई है। राजनीतिक दल चुनाव जिताऊ उम्मीदवारों की सूची बना रहे हैं। वही, टिकट चाहने वालों ने अपने आकाओं की परिक्रमा शुरू कर दी है। फरीदाबाद लोकसभा की नौ विधानसभा क्षेत्रों- फरीदाबाद, तिगांव, बडखल, एनआइटी फरीदाबाद, बल्लभगढ़, पृथला, पलवल, होडल और हथीन विधानसभा क्षेत्रों में इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प होगा। पिछले विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र से भाजपा और कांग्रेस के तीन-तीन विधायक थे।

इंडियन नैशनल लोक दल के दो और बसपा का एक विधायक यहां से जीता था। पर इस बार समीकरण बदले हुए हैं। फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र के 21 लाख से ज्यादा मतदाता इस बार नौ विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 21 अक्तूबर को मतदान कर करेंगे। फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र में इस बार 21,08034 मतदाता है। इनमें 11,60719 पुरुष और 9,47315 महिला मतदाता हैं। मतदान के लिए 2044 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

> चुनाव में अन्य तीन सीटों पर इनेलो के दो और बसपा के खाते में आई एक सीट
>
> इस बार समीकरण बदले हुए हैं, जिससे पार्टियों को कड़ी चुनौती मिल रही है

24 अक्तूबर को वोटों की गिनती के बाद प्रदेश की सत्ता पर किसका कब्जा होगा यह बात साफ हो जाएगी फिलहाल भाजपा खुद को सत्ता में दोबारा लौटने का सबसे मजबूत दावेदार मान रही है। 2014 में विधानसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की 90 विधानसभा क्षेत्रों में से 47 पर विजय हासिल की थी। हरियाणा में पहली बार भाजपा अपने बलबूते पर प्रदेश में सरकार बनाने में कामयाब हुई थी। भाजपा की इस कामयाबी में फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र से 9 में से तीन विधायक जीत पाए थे। पलवल जिले की तीन सीटों पर हार का मुंह देखना पड़ा था। पिछले 5 साल में भाजपा ने प्रदेश में चौतरफा विकास करने का दावा तो किया पर बेरोजगारी के आंकड़े पहले के मुकाबले ज्यादा हैं। वहीं, प्रदेश में आपराधिक मामलों में इजाफा हुआ है।

फरीदाबाद जिले की जिन तीन सीटों पर भाजपा ने बड़े अंतराल से कांग्रेसी उम्मीदवारों को हराया उनमें फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र भाजपा उम्मीदवार विपुल गोयल ने कांग्रेसी उम्मीदवार आनंद कौशिक को 44 हजार से ज्यादा मतों से हराया था। इस बार यहां मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में ही होना है। तिगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के ललित नागर भाजपा के राजेश नागर को करीब 4000 वोटों के अंतराल से हराया था। इस सीट से पहले केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर दो बार विधायक रह चुके है। 2019 के चुनाव में भी यहां से मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है। कृष्ण पाल गुर्जर इस बार अपने बेटे को यहां से भाजपा का उम्मीदवार बनाने के लिए प्रयासरत हैं। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के मूलचंद शर्मा ने कांग्रेसी उम्मीदवार लखन सिंगला को 53 हजार से अधिक मतों से हराया था। इस चुनाव में भी यहां सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में होना है।

बडखल विधानसभा क्षेत्र से पिछले चुनाव में भाजपा पाटी की उम्मीदवार सीमा त्रिखा ने कांग्रेस के दिग्गज नेता और मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह को 36000 से ज्यादा वोटों से हराया था। बताया जा रहा है कि कांग्रेश यहां से किसी नए उम्मीदवार को पर दांव खेल सकती है। भाजपा में भी अपने मौजूदा विधायक बदलने की चर्चा है।

epaper.jansatta.com

फ्री वाईफाई रहित देश में केवल सौ रेलवे स्टेशन बचे : रेलमंत्री

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

रेल मंत्रालय ने 44 माह में देश के 5000 रेलवे स्टेशनों पर फ्री वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराई है। रेल मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक योजना के तहत दक्षिणी पूर्व रेलवे का मेदिनीपुर स्टेशन वाई-फाई उपलब्ध कराने वाला 5000वां स्टेशन बना है। मंत्रालय के मुताबिक अब केवल 100 के करीब स्टेशन बचे हैं जहां जल्द ही फ्री वाईफाई उपलब्ध होगा।

रेल मंत्रालय ने मुंबई सेंट्रल स्टेशन से 2016 में फ्री वाईफाई योजना की शुरुआत की थी। इस पूरे नेटवर्क के विस्तार में मंत्रालय को 44 माह का समय लगा है। रेल वायर के माध्यम से अगस्त 2019 तक कुल 1.14 करोड़ यात्रियों ने लॉग इन किया था। इनके माध्यम से 10,192.55 टीबी डाटा इस्तेमाल किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक जिन स्टेशनों पर फ्री वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है उनमें 70 फीसद ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े स्टेशन है।

अगस्त 2019 के दौरान 3406 स्टेशन पर 11.25 लाख यात्रियों ने वाईफाई का प्रयोग किया था। इनके माध्यम से 2305 टेरा बाइट (टीबी) डाटा डाउनलोड किया गया था। इस डाटा का अध्ययन करने से पता चला कि स्टेशनों पर प्रतीक्षा कर रहे छात्रों ने वाईफाई का अधिक प्रयोग किया। डाटा सबसे अधिक अध्ययन सामग्री डाउनलोड करने के लिए किया गया था।

महिला पुलिसकर्मी से दुर्व्यवहार, भाजपा विधायक गिरफ्तार

नागपुर, 28 सितंबर (भाषा)।

महाराष्ट्र के भंडारा जिले स्थित तुमसर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक चरण वाघमारे को महिला पुलिस कर्मी से कथित तौर पर बदसलूकी करने के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया।

वाघमारे ने 16 सितंबर को निर्माण क्षेत्र के कर्मियों को उपयोग में आने वाले उपकरणों को वितरित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिस कर्मी से बदसलूकी की थी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में महिला कर्मी ड्यूटी पर तैनात थी, इसी दौरान विधायक से उनकी बहस हो गई। आरोप है कि विधायक ने महिला पुलिस कर्मी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, महिला कर्मी ने इसकी शिकायत दर्ज कराई।

विधायक के खिलाफ धारा 353 , धारा 354 (महिला के सम्मान को ठेस पहुंचाने के लिए हमला या और 504 सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की गई और वाघमारे को शनिवार को गिरफ्तार किया गया।

ओ.बी.सी

ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

(भारत सरकार का उपक्रम)

मण्डल कार्यालय – सी–18बी, दीन दयाल पुरम, बरेली–243122, फोन : 0581-2310672, ई–मेल: co.bar@obc.co.in

ई–नीलामी सूचना

अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु ई–नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना,
ईएमडी (धरोहर राशि) तथा दस्तावेजों की प्रस्तुति की अंतिम तिथि व समयः 29.10.2019 को सांय 4.00 बजे तक

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस,
आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर्स को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का सांकेतिक/वास्तविक कब्जा, प्रतिभूत लेनदार ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक **31.10.2019** को बेचा जाएगा। बकाया राशि की वसूली, कर्जदार(रों) और गारंटर(रों), आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि का विवरण नीचे दी गई तालिका के अनुसार

अचल सम्पत्तियों का विवरण

क्र. सं.	कर्जदार एवं गारंटर का नाम	सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / प्रस्ताव में सुधार हेतु राशि	मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तारीख / बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण)	ई एम डी प्रेषण खाते का विवरण	ई–नीलामी की तारीख/समय
1	**श्याम रस्तोगी पुत्र राम प्रकाश रस्तोगी (कर्जदार) और मोहित अग्रवाल पुत्र श्री विमल अग्रवाल (गारंटर) शाखा : कांठ रोड मुरादाबाद**	साम्यिक बंधक रिहायशी भूमि एवं भवन जोकि मकान नं. 12/77/33, मोहल्ला दिनदानपुरा, मुरादाबाद में स्थित, क्षेत्रफल 46.405 वर्ग मी., यह सम्पत्ति श्याम रस्तोगी पुत्र राम प्रकाश रस्तोगी के नाम पर है। चौहदी : पूरब में – 3.55 मी. चौडा रास्ता मिल गया है और राम भरोसे मकान का हिस्सा, पश्चिम में – संजय अग्रवाल का मकान और राकेश अग्रवाल का मकान, उत्तर में – मन्दिर रघुनाथ जी, दक्षिण में – श्री राम भरोसे लाल का मकान और उमेंन्द्र कुमार के मकान का हिस्सा (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 10,35,000/- ₹ 1,04,000/- ₹ 10,000/-	13.06.2018 11.09.2018 ₹ 18,61,065.24 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
2	**मैसर्स ओम साई राम इंडस्ट्रीज, श्री बृज लाल पुत्र श्री तुलसी राम (पार्टनर), राहुल गुप्ता पुत्र श्री कमलेश कुमार गुप्ता (पार्टनर), अरुण कुमार जौहरी पुत्र श्री राम जौहरी (पार्टनर) और मोहित गुप्ता पुत्र श्री कमलेश कुमार गुप्ता (गारंटर) शाखा : तिल्हर**	1. साम्यिक बंधक फैक्ट्री भूमि एवं भवन जोकि केएच नं. 150, गाँव धनेली पल्टु परगना और तहसील तिल्हर जिला शाहजहांपुर, में स्थित, यह सम्पत्ति श्री बृज लाल पुत्र तुलसी राम के नाम पर है। क्षेत्रफल **4580** वर्ग मी., चौहदी : पूरब में – नन्हें की भूमि, पश्चिम में – चाक रोड, उत्तर में – कैलाश की भूमि, दक्षिण में – तिल्हर से बटलाईया रोड (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 1,21,47,000/- ₹ 12,15,000/- ₹ 10,000/-	04-02-2019 20-04-2019 ₹ 2,78,65,857.29 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
		2. साम्यिक बंधक फैक्ट्री भूमि एवं भवन जोकि केएच. नं. 116/1 गाँव धनेली पल्टु परगना और तहसील तिल्हर जिला शाहजहांपुर, में स्थित, यह सम्पत्ति श्री राहुल गुप्ता पुत्र श्री कमलेश कुमार गुप्ता और श्री मोहित गुप्ता पुत्र श्री कमलेश कुमार गुप्ता के नाम पर है। क्षेत्रफल 2060 वर्ग मी., चौहदी : पूरब में – कृष्णा देवी की भूमि, पश्चिम में– अराजी कमलेश कुमार एवं अन्य, उत्तर में – श्यामा देवी का खेत, दक्षिण में – नेशनल हाईवे (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 49,41,000/- ₹ 4,95,000/- ₹ 10,000/-			
3	**दिनेश सिंह राघव पुत्र महेन्द्र सिंह राघव एण्ड सुमन पत्नी दिनेश सिंह राघव (कर्जदार) गारंटरः विनोद कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह शाखा : मुरादाबाद**	साम्यिक बंधक रिहायशी भूमि एवं भवन का कुल क्षेत्रफल 91 वर्ग मी. जोकि मोहल्ला बहादुरा वार्ड नं. 19, द्रोपदी रतन के पास, इंटर कॉलेज के पास, मुरादाबाद में स्थित, यह सम्पत्ति श्री दिनेश सिंह राघव पुत्र महेन्द्र सिंह राघव के नाम पर है। चौहदी : पूरब में – महेश चन्द्र मौर्य का प्लॉट, पश्चिम में – रवि शंकर शर्मा का प्लॉट, उत्तर में – 8फीट चौडा रास्ता, दक्षिण में – विक्रेता की सम्पत्ति (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 22,50,000/- ₹ 2,25,000/- ₹ 10,000/-	13-07-2017 18-04-2018 ₹ 12,40,002.00 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
4	**मैसर्स जिलानी ऑटोमोबाइल्स (इत्तिखार जिलानी प्रोप.) गारंटर : अब्दुल सत्तार पुत्र मोह. इस्लाम शाखा : मुरादाबाद**	साम्यिक बंधक व्यवसायिक भूमि प्लॉट नं. सी–109, ट्रांसपोर्ट नगर, मुरादाबाद में स्थित, क्षेत्रफल 72.60 वर्ग मी., यह सम्पत्ति श्री अब्दुल सत्तर पुत्र मोह. इस्लाम के नाम पर है। चौहदी : पूरब में – 18मी. चौडी रोड, पश्चिम में – प्लॉट नं. सी–120, उत्तर में – प्लॉट नं. सी–110, दक्षिण में – प्लॉट नं. ओ–33, (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 18,60,000/- ₹ 1,86,000/- ₹ 10,000/-	13-11-2018 08-02-2019 ₹ 2,52,832.60 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
5	**श्रीमती गुरमीत कौर पत्नी सुखजीत सिंह (उधारकर्ता) होर किशोर पुत्र रोशन लाल और मलकित सिंह गारंटर शाखा : रामनगरिया**	साम्यिक बंधक रिहायशी सम्पत्ति जोकि श्रीमती गुरुमीत कौर पत्नी श्री सुखजीत सिंह के नाम पर है। मोहल्ला सिंह कॉलोनी तहसील बिलासपुर, जिला रामपुर यू.पी. में स्थित, चौहदी : पूरब में – पुरूषोतम शर्मा का मकान, पश्चिम में – 7फीट रास्ता, उत्तर में – महेन्द्र सिंह का मकान, दक्षिण में – 6फीट रास्ता (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 16,96,000/- ₹ 1,70,000/- ₹ 10,000/-	13-09-2018 07-12-2018 ₹ 10,65,133.00 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
6	**श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी अविनाश और नवनीत पुत्र अविनाश (उधारकर्ता) प्रियांशु सक्सेना और राज पाल सिंह– (गारंटर) शाखाः रामनगरिया**	साम्यिक रिहायशी सम्पत्ति जोकि मुन्नी देवी पत्नी अविनाश कुमार के नाम पर है। क्षेत्रफल 213.20 वर्ग मी., मोह. भाटी तोला (शांति नगर) तहसील बिलासपुर, जिला रामपुर में स्थित, चौहदी : पूरब में – इलियाज़ का मकान, पश्चिम में – मोहम्मदी बेगम का मकान, उत्तर में – 10फीट रोड, दक्षिण में – अचन खान का मकान (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 27,00,000/- ₹ 2,70,000/- ₹ 10,000/-	17-11-2016 14-07-2017 ₹ 14,63,718.79 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
7	**मैसर्स बी.एस. इंडस्ट्रीज़ (कर्जदार) पार्टनर–सुरेंद्र कुमार गुप्ता – मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र स्वं. श्याम लाल गारंटर– उमेश कुमार गुप्ता, सुरेंद्र कुमार गुप्ता और मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र स्वं. श्याम लाल, शाखाः नवाजपुर**	साम्यिक बंधक औद्योगिक सम्पत्ति (फैक्ट्री, भूमि एवं भवन) यह सम्पत्ति उमेश कुमार गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार गुप्ता और मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र श्याम लाल के नाम पर है। जिसका खसरा नं. **160** गाँव करौंदा, परगना/तहसील सदर जिला शाहजहांपुर में स्थित, क्षेत्रफल 4752 वर्ग मी., चौहदी : पूरब में – पण्डित जी के खेत, पश्चिम में – बसीलिया रोड, उत्तर में – पण्डित जी का खेत, दक्षिण में – मनीषा का खेत, (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 1,71,00,000/- ₹ 17,10,000/- ₹ 10,000/-	10-10-2018 28-12-2018 ₹ 1,75,27,709.91 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
8	**राजीव कुमार सक्सेना पुत्र रणवीर सहाय सक्सेना और किरण सक्सेना (उधारकर्ता) शाखाः ददरौल**	साम्यिक बंधक रिहायशी मकान क्षेत्रफल 125.61 वर्ग मी., यह सम्पत्ति राजीव कुमार सक्सेना और किरण सक्सेना के नाम पर है। जोकि मोहल्ला बाबूज़ाई, तहसील सदर, शाहजहांपुर में स्थित, चौहदी : पूरब में – खरंजा, पश्चिम में – बचछू अंसारी का मकान, दक्षिण में – जासीन डोरिया का मकान, (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 9,20,000/- ₹ 92,000/- ₹ 10,000/-	17-08-2009 05-01-2011 ₹ 11,95,994.00 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
9	**श्री अमनीश ढांड पुत्र स्वं. श्री दिलीप ढांड, ए 61 सवाना हाईट्स, गोल्डन ग्रीन पार्क बरेली**	सम्पत्ति गाटा नं. 25, गाँव बेहता जुनु, राम नगर रोड, तहसील आवंला, जिला बरेली में स्थित, यह सम्पत्ति श्री अमनीश ढ़ाड पुत्र स्वं. श्री दीलिप ढ़ाड के नाम पर है। क्षेत्रफल 319.80 वर्ग मी., पूरब मे – रियासत का मकान, पश्चिम में – रियासुद्दीन का प्लॉट, उत्तर में – रामनगर रोड, दक्षिण में – प्लॉट (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 27,43,000/- ₹ 2,75,000/- ₹ 10,000/-	22-05-2017 28-07-2017 ₹ 28,95,806.80 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
10	**मैसर्स वुड्स एन ब्रिक्स, श्री आकाश बरतारिया और श्री गुर दयाल सिंह देशवाल (पार्टनर) बी.आर. काम्पलैकस, दादरी रोड बरौला, सैक्टर–48, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर**	औद्योगिक भूमि एवं भवन, यह सम्पत्ति श्री गुरु दयाल सिंह देशवाल के नाम पर है। क्षेत्रफल 3706 वर्ग गज, जोकि औद्योगिक क्षेत्र जिसका नं. 579, छपरौला जिला गौतम बुद्ध नगर (यू.पी) में स्थित, उत्तर में – खेतीहर भूमि, दक्षिण में – शेष सम्पत्ति, पूरब में – 40फीट चौडी रोड, पश्चिम में – अन्य की सम्पत्ति (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 3,27,06,000/- ₹ 32,71,000/- ₹ 10,000/-	13-02-2017 29-07-2017 ₹ 8,94,86,944.00 और दिनांक 23-03-2018 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
11	**मैसर्स दुर्गा राईस मिल (कर्जदार)** पार्टनरः श्री अरुण कुमार, श्री विनय कुमार सिंह, श्री राहुल कुमार, श्री अजय कुमार सिंह, गारंटर्स 1. श्री राजीव कुमार 2. श्रीमती अनिता देवी पत्नी कृपाल सिंह 3. श्री सतेंद्र सिंह पुत्र श्री सुखपाल, 4. श्री श्रीपाल सिंह पुत्र विक्रम सिंह, 5. श्री अजय कुमार पुत्र मायकु लाल, 6. ओमवीर सिंह पुत्र राम कुमार सिंह 7. निरपेन्द्र कुमार पुत्र किशन लाल	1. व्यवसायिक प्लॉट जोकि गाटा नं. 150, गाँव कल्याणपुर दरमाई तहसील पोवायान, जिला शाहजहाँपुर में स्थित, क्षेत्रफल 570 वर्ग मी., यह सम्पत्ति विनय कुमार सिंह पुत्र कृपाल सिंह के नाम पर है। चौहदी : उत्तर में – सुभाष चंद्र गंगवार की खेतीहर भूमि, दक्षिण में – विक्रेता की कृषि भूमि/वर्तमान में मैसर्स दुर्गा राइस मिल, पूरब में – लिंक रोड/ वर्तमान में गांव– कल्याणपुर धर्मई हेतु चित्रित सड़क, पश्चिम में – कुलवंत राई की खेतीहर भूमि, (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 5,67,000/- ₹ 57,000/- ₹ 10,000/-	12-07-2018 24-10-2018 ₹ 1,28,18,201.40 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
		2. सम्पत्ति गाटा नं. 150, गाँव कल्याणपुर दरमाई तहसील पोवायानं, जिला शाहजहांपुर में स्थित इस सम्पत्ति दो भाग है– (क) क्षेत्रफल 2260 वर्ग मी., गाँव कल्याणपुर दरमाई, पी/टी तहसील पोवायानं, जिला शाहजहांपुर में स्थित, यह सम्पत्ति अजय कुमार पुत्र कृपाल सिंह और श्री राहुल कुमार पुत्र श्री राजीव कुमार के नाम पर है। चौहदी : उत्तर में – कुलवंत शर्मा की खेतीहर भूमि/वर्तमान में विनय कुमार सिंह की भूमि, दक्षिण में – नथ्थू सिंह की खेतीहर भूमि / वर्तमान में राजीव कुमार, अरूण कुमार एवं अन्य की दुकान, पूरब में – खरंजा/वर्तमान में चित्रित रोड से गाँव कल्याणपुर दरमेई, पश्चिम में – कुलवंत शर्मा की खेतीहर की भूमि (ख) क्षेत्रफल 1134.00 वर्ग मी., गाँव कल्याणपुर दरमई, पी/टी–पोयायानं, जिला – शाहजहांपुर में स्थित, यह सम्पत्ति श्री विनय कुमार सिंह पुत्र कृपाल सिंह और श्री अरूण कुमार पुत्र राम भरोसे के नाम पर है। चौहदी : उत्तर में – कुलवंत शर्मा की खेतीहर भूमि/वर्तमान में विनय कुमार सिंह की भूमि, दक्षिण में – नथ्थू सिंह की खेतीहर भूमि / वर्तमान में राजीव कुमार, अरूण कुमार एवं अन्य की दुकान, पूरब में – खरंजा/वर्तमान में चित्रित रोड से गाँव कल्याणपुर दरमेई, पश्चिम में – कुलवंत शर्मा की खेतीहर की भूमि, (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 87,84,000/- ₹ 8,79,000/- ₹ 10,000/-			
		3. गैर खेतीहर भूमि जोकि गाटा नं. 95, गाँव कुलुम झुज़हरपुर, परगना और तहसील पोवायान, जिला शाहजहाँपुर में स्थित, क्षेत्रफल 160.00 वर्ग मी., यह सम्पत्ति श्री राजीव कुमार पुत्र श्री राम भरोसे और श्री अरूण कुमार पुत्र श्री राम भरोसे के नाम पर है। चौहदी : उत्तर में – राम भरोसे का प्लॉट/वर्तमान में मैसर्स दुर्गा राइस मिल, दक्षिण में – रस्ता और निकस/वर्तमान में विलेज रोड से गाँव नरेंद्रपुर, पूरब में – विक्रेता की भूमि, पश्चिम में – कृपाल सिंह का प्लॉट / मैसर्स सूरज रेडीमेड और जनरल स्टोर की दुकानें और मकान (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 22,95,000/- ₹ 2,30,000/- ₹ 10,000/-			
12	**मैसर्स डायमंड इंडस्ट्रीज पार्टनर्स– (अफजल अहमद, अब्दुल वाहिद, अंजुम, आसिफ, यूसुफ, रईस, चंद्र सेन, महेंद्र पाल, हरि प्रसाद, श्रीमती विनेश चौधरी शकील, और इंद्रजीत सिंह) गाँव–गरगैया (फायर स्टेशन कॉलोनी, पीलीभीत रोड के पीछे) परगना और तहसील नवाबगंज जिला–बरेली**	साम्यिक बंधक व्यवसायिक सम्पत्ति गाटा नं. 185 और 183 का भाग, गाँव गर्गइया (फायर स्टेशन कॉलोनी के पीछे, पीलीभीत रोड) परगना और तहसील नवाबगंज जिला बरेली में स्थित, यह सम्पत्ति संयुक्त रूप से श्री हरि प्रसाद, चंद्र सेन, महेंद्र पाल और अन्य के नाम पर है। क्षेत्रफल 5920 वर्ग मीटर, चौहदी : पूरब में – इरशाद यासीन और अन्य का खेत, पश्चिम में – हर प्रसाद की भूमि, फायर स्टेशन और उसके बाद 18' चौड़ा रास्ता पीलीभीत रोड, उत्तर में – चेत राम की भूमि, दक्षिण – फकीर बक्श का खेत, (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 1,53,58,500/- ₹ 15,36,000/- ₹ 10,000/-	05-04-2018 16-06-2018 ₹ 1,37,12,572.25 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
13	**मैसर्स एम.के. ज़ारी सेन्टर श्री मिसरयार खान (प्रोप.)/ गारंटर – मुख्तियार और मुंतियाज खान (गारंटर) बाकर नगर, सीबी गंज जिला–बरेली**	साम्यिक बंधक रिहायशी /व्यवसायिक भवन, खसरा नं. 590/3 का हिस्सा, वार्ड 22, फरीदपुर चौधरी, नैनीताल रोड, बरेली में स्थित, यह सम्पत्ति श्री मिसरयार खान के नाम पर है। क्षेत्रफल 104.51 वर्ग मी., पूरब में – श्रीवास्ताव जी मकान, पश्चिम में – 12' चौडी, उत्तर में – 15' चौडा रास्ता, दक्षिण में – विक्रेता का प्लॉट, (भौतिक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 35,52,800/- ₹ 3,56,000/- ₹ 10,000/-	05-04-2018 18-06-2018 ₹ 1,98,98,878.00 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
14	**श्री मिसरयार खान श्री मुख्तियार और श्री मुंतियाज़ खान खसरा नं. 144, बाकर नगर, सीबी गंज जिला–बरेली**	साम्यिक बंधक, खसरा नं. 144 का हिस्सा, बौंके ग्राम गोविन्दपुर, बाकेरनगर, सुंदार्शी, सीबी गंज, बरेली में स्थित, यह सम्पत्ति श्री मिसरयार, मुख्तीयार और श्री मुंतियाज़ खान के नाम पर है। क्षेत्रफल 980 वर्ग मी., पूरब में – रोड, पश्चिम में – मरिज़द का प्लॉट, उत्तर में – समीम खान का मकान, दक्षिण में – 6' चौडा रास्ता, वसीम खान का मकान, (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 73,50,000/- ₹ 7,35,000/- ₹ 10,000/-	06-01-2018 18-06-2018 ₹ 47,08,369.00 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
15	**चंदू लाल गुप्ता (कर्जदार)** निशा गुप्ता पत्नी स्वं. कुलदीप कुमार गुप्ता/शिवम गुप्ता, गोलू गुप्ता, आशु गुप्ता, कोमल गुप्ता (पुत्र – पुत्र स्वं. कुलदीप कुमार गुप्ता के कानूनी उत्तराधिकारी) गारंटरः राम जानकी गुप्ता पत्नी स्वं. चंदू लाल गुप्ता	1. साम्यिक बंधक रिहायशी सम्पत्ति जोकि मोहल्ला हुसैनपुरा (सहार खास दक्षिणी साइड चुंगी में) शाहजहांपुर, कुल 163.76 वर्ग मी., यह सम्पत्ति राम जानकी गुप्ता पत्नी चंदू लाल गुप्ता के नाम पर है। चौहदी : पूरब में – अराजी बाई महफूज़ुल भाई, पश्चिम में – 6'0" चौडा रास्ता निकास, उत्तर में – खरंजा, दक्षिण में – प्रमोद मिश्रा की अराज़ी, (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 48,87,000/- ₹ 4,88,700/- ₹ 10,000/-	01-01-2018 19-04-2018 ₹ 87,51,119.21 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
		2. मकान बिल्डिंग सम्पत्ति जोकि गाँव भूदिया, परगना अटवा पिपरिया, तहसील मोहमादी, जिला लखिमपुर खेड़ी में स्थित, चौहदी : पूरब में – गोला मोहमादी रोड, पश्चिम में – बादशाद का खेत, उत्तर में – अर्जुन सिंह का खेत, दक्षिण में – बादशाह का खेत, (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 21,60,000/- ₹ 2,16,000/- ₹ 10,000/-			
16	**मैसर्स इलेमईको 88सी, सिविल लाइंस टी.जे. मार्केट, हिंद टॉकीज बरेली के पीछे पार्टर्स– श्री सईद इमरान नियाजी पुत्र सईद यूसुफ हसन और मो. अस्करी नियाजी पुत्र मो. नियाजी और श्री अजीज हसन अम्मार नियाजी पुत्र श्री अनवारुल हसन नियाजी गारंटरः श्रीमती रफत जहान पत्नी श्री सईद यूसुफ हसन और श्री सईद यूसुफ हसन पुत्र श्री नबाब जान मिया**	1. साम्यिक बंधक रिहायशी सम्पत्ति मकान नं. 122, मोहल्ला, कोट ओल्ड सिटी, जिला बरेली में स्थित, यह सम्पत्ति श्रीमती रफत ज़हान के नाम पर है। क्षेत्रफल 72 2/3 वर्ग गज, पूरब में – श्री ज़ाकीर हुसैन का मकान, पश्चिम में – रोड, उत्तर में– गली, दक्षिण में – इकरार हुसैन का मकान, (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 14,57,600/- ₹ 1,46,000/- ₹ 10,000/-	01-08-2019 09-10-2018 ₹ 24,86,331.11 और दिनांक 01-09-2019 से होने वाले ब्याज साथ में लागत एवं अन्य प्रभार	EMD Account Circle Bareilly Account No. 07121181000054 IFSC Code No ORBC0100712 Bareilly - Izzat Nagar	31-10-2019 01.00 PM to 02.00 PM (5 मिनट प्रत्येक असीमित विस्तार की शर्त पर)
		2. साम्यिक बंधक व्यवसायिक सम्पत्ति 88–सी, सिविल लाईन बरेली में स्थित, यह सम्पत्ति श्री **सईद युसूफ हसन के नाम पर है। क्षेत्रफल 13.65 वर्ग मी., पूरब में – श्री पी के गुप्ता की दुकान, पश्चिम में – श्री शर्मा जी की दुकान, उत्तर में – कोठी श्रीमती राज कौशल्या, दक्षिण में – रोड और वरंधा** (रचनात्मक कब्जा बैंक के पास है)	₹ 16,37,600/- ₹ 1,64,000/- ₹ 10,000/-			

नियम एवं शर्तें

1. नीलामी बिक्री प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तारों के साथ 31.10.2019 को अपरांह 01.00 बजे से अपरांह 02.00 बजे (भा.मा.सा.) तक वेबसाइट **https://www.bankeauctionwizard.com** के माध्यम से "ऑनलाइन नीलामी" बोली होगी।
2. इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को इस संबंध में समाचारपत्र में प्रकाशित बिक्री सूचना में अंकित की गयी अंतिम तिथि को या उससे पहले एनईएफटी/आरटीजीएस/डिमाण्ड ड्रॉफ्ट द्वारा ईएमडी की राशि जमा करनी है तथा **https://www.bankeauctionwizard.com** में अपना नाम पंजीकृत करना है तथा उक्त नम्बर पर हमारे सेवा प्रदाता मैसर्स ऐन्टेयर्स सिस्टम्स लि. से निःशुल्क यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करना तथा ई–नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करना है। वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कराने के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को समाचार पत्र में जारी विज्ञापन में अंकितानुसार निविदा की प्रस्तुति की अंतिम तिथि से पहले बेबसाइट पर संबंधित दस्तावेजों (1. एनईएफटी/आरटीजीएस चालान की प्रति, 2. पैन कार्ड की प्रति, 3. पते के प्रमाण की प्रति) की अपलोडेड प्रतियां प्राप्त करनी हैं।
3. इच्छुक बोलीदाता जो ईएमडी जमा कर चुके हैं तथा लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड सृजन में सहायता, अपलोडिंग डेटा, बोली प्रस्तुत, ई–बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि प्राप्त करना चाहते हैं, मैसर्स ऐन्टेयर्स सिस्टम्स लि., हेल्पलाइन नं. +91–9453308405, श्रीमती रेखा यादव ई–मेल आईडीः **rekha.y@antaressystems.com** से सम्पर्क कर सकते हैं और सम्पत्ति संबंधी पूछताछ, विस्तृत नियम व शर्तों तथा सम्पत्ति के निरीक्षण हेतु, इच्छुक बोलीदाता कार्यशील समय के अंदर प्राधिकृत अधिकारी श्री मुकेश चर्तुवेदी (मुख्य प्रबंधक), मो. 8077397469 या श्री परमजीत सिंह, मुख्य प्रबंधक, मोबाइल नं, 8191900221 ई–मेल आईडीः **rrl_7608@obc.co.in or co.bar@obc.co.in** से सम्पर्क करें।
4. बोलियों को संबंधित विवरणों के साथ निर्धारित प्रारूप में केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाएगा।
5. ऑनलाइन बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 29.10.2019 को अप, 4.00 बजे तक है।
6. ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए अनुसंलग्नक के साथ बोली की एक प्रति (यूटीआर नम्बर भी अंकित हो) को प्राधिकृत अधिकारी, ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, मंडल कार्यालय, डी.डी. पुरम, बरेली को सौंपना होगा। उसकी सॉफ्ट प्रतियों

तीरंदाज

■ अश्विनी भटनागर

व्यंग्य की जगह

अमेरिका में कुछ दिन पहले एक कार्टून छपा था, जिसमें दिखाया गया था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक उम्रदार महिला ज्योतिषी के सामने बैठे हैं और वह उनका भविष्य पढ़ कर कह रही है– 'मैं आपके आने वाले समय में एक दीवार देख रही हूं।' वह ऐसा कहते वक्त जेल की चारदीवारी की ओर इशारा कर रही है। पर ट्रंप के लिए उसका मतलब मेक्सिको बॉर्डर पर दीवार खींचने की उनकी योजना से है। जेल का संदर्भ ट्रंप के खिलाफ महाभियोग लाने के हाउस स्पीकर के ऐलान से कार्टूनिस्ट ने लिया था। कार्टून छपा और ट्रंप के विरोधियों ने इसको सोशल मीडिया पर जम कर साझा भी किया था। राष्ट्रपति कुछ झुंझुलाए जरूर थे, पर बात आई गई हो गई थी।

लगभग इसी समय पाकिस्तान के अखबार 'द नेशन' में भी एक कार्टून छपा था, जिसमें दिखाया गया था कि ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री एक बढ़िया रथ पर सवार हैं, जिसको वहां के प्रधानमंत्री इमरान खान खींच रहे हैं। ट्रंप ने उनके आगे 'मध्यस्थता' (कश्मीर के मसले पर) की गाजर लटकाई हुई है और इमरान उस गाजर को पाने के चक्कर में हैरान-परेशान अपने को रथ में जोते हुए हैं। कार्टून के छपते ही पाकिस्तान के सियासी गलियारों में हड़कंम मच गई थी। अखबार पर हर तरफ से दबाव आने लगे थे और अंततः 'द नेशन' ने पहले पन्ने पर माफीनामा छाप दिया था। अपने को 'राष्ट्रवादी' अखबार घोषित करते हुए उसने लिखा था कि कार्टून नामुनासिब था, जिसको छाप कर उसने गलती की थी, विशेषकर उस दिन, जिस दिन न्यू यॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दे पर अहम चर्चा होने वाली थी। अखबार ने अपनी 'भूल' का ठीकरा कार्टूनिस्ट के सिर पर फोड़ दिया था। उसको नौकरी से बर्खास्त कर दिया था।

ट्रंप भी राष्ट्रवादी हैं। संयुक्त राष्ट्र के सम्मलेन में उन्होंने पिछले हफ्ते अपने भाषण में कहा था कि विश्व को 'ग्लोबलाइजेशन' को भूल कर 'नेशनलिज्म' अपनाना चाहिए, पड़ोसी राष्ट्रों से मधुर संबंध रखने चाहिए, पर इतने नहीं कि उनकी वजह से राष्ट्रहित पर जरा-सी भी आंच आए। भारत को भी वे यही पाठ पढ़ा रहे थे और पाकिस्तान को भी। पर फिर भी कहीं न कहीं दोनों देशों के बीच अपनी मध्यस्थता की गुंजाइश बनाए रखने पर आमादा थे। खैर, राजनीतिक और कूटनीतिक मसला जो भी हो, पाकिस्तान का अखबार पहले पन्ने पर अपनी राष्ट्रवादी कटिबद्धता को मुखरित करके ही बाज आया था। राष्ट्र के लिए विमति या फिर कार्टून का व्यंग्य कितना जरूरी है, इससे उसका सरोकार नहीं था।

हास्य और व्यंग्य देश की सेहत के लिए उतने ही जरूरी हैं, जितना नागरिकों के स्वास्थ के लिए खुली हवा और साफ पानी है। अखंड भारत के प्राचीन काल से इसकी एक विशिष्ट परंपरा रही है। यशस्वी महाराजाओं से लेकर बादशाहे-आलमों तक सभी ने राजकाज की प्रक्रिया में इसको जरूरी नकेल के रूप में सहर्ष स्वीकार किया है। पाकिस्तान के पंजाब में मिरासियों की दरबार में अहम भूमिका थी। वे राजा के सम्मुख कटु से कटु बात कह जाते थे और शासक उनके चुभते व्यंग्य से हंस कर सीख लेते थे। ऐसा माना जाता था कि अच्छे से अच्छे शासन में भी कमी-बेसी रह जाती है और व्यंग्यकार उसको अपने तरीके से शासक के सामने उजागर कर देता है। इसमें सबका फायदा था– शासक का और शासित का। उसका उद्देश्य राजा को शर्मिंदा करना नहीं, बल्कि उसको सचेत करना होता था।

पर कभी-कभी शासक समझदार कम और अहंकारी ज्यादा हो जाते हैं। व्यंग्य को व्यक्तिगत विरोध मान लेते हैं। वे उसका 'राष्ट्रहित' में दमन करने पर उतारू हो जाते हैं। पर उनका पराक्रम व्यर्थ ही साबित होता है। हास्य और व्यंग्य कभी बूट तले नहीं लाए जा सकते हैं। इतिहास इसका गवाह है।

रूस में सौ साल पहले हुई क्रांति के बाद हास्य-व्यंग्य सरकार की भृकुटी चढ़ा देते थे। इसके चलते चंचल व्यंग्य भूमिगत हो गया था। उसने अपना स्थान बदल दिया था, पर अपना स्वभाव और भूमिका नहीं बदली थी। सार्वजनिक अभिव्यक्ति भूमिगत हो गई थी और अंदर ही अंदर उसने शासन की नीव खोखली कर दी थी। चक्रवर्ती यूनियन ऑफ सोशलिस्ट सोवियत रिपब्लिक यानी यूएसएसआर टूट कर महज रूस में तब्दील हो गया था। नाजी जर्मनी, फासिस्ट इटली, कम्युनिस्ट पोलैंड, तानाशाही यूगांडा आदि को भी मजाक पसंद नहीं था और इसीलिए अंततः खुद एक भद्दा मजाक बन कर रह गए थे।

वैसे ट्रंप जैसे राष्ट्रवादी अपने को अत्यधिक गंभीरता से लेते हैं। वे अपने को हाड़ मांस का जननायक नहीं, बल्कि मानव जाति को दिया गया ईश्वरीय वरदान मानते हैं। वे अमोघ हैं। ट्रंप का दुर्भाग्य यह है कि वे अमेरिका में हैं, जहां पर मूल लोकतांत्रिक संस्थाएं अभी तक कर्तव्यविमुख नहीं हुई हैं। वे कार्टूनिस्ट की बलि नहीं ले सकते हैं। इमरान तन्जीम में हलाल वाजिब रिवयात है। जम्हूरियत के नुमाइंदे एक झटके में नाफरमानी को हलाल करने से नहीं चूकते हैं। विडंबना यह है कि इस चलन के शिकार खुद कई वजीर-ए-आजम हो चुके हैं। औरों को कुर्बान करने के चक्कर में खुद शहीद हो गए हैं।

हास्य और व्यंग्य किसी व्यक्ति विशेष के विरोधी नहीं हैं। ये तीर आपसदारी में छोड़े जाते हैं। इनका उद्देश्य अपमान करना या चोट पहुंचना नहीं होता, बल्कि अपने मन का बोझ साझा करना होता है। यह एक सकारात्मक मानवीय प्रवृत्ति है। जिसने इसे स्वीकार किया है, वह लाभान्वित हुआ है। नकारने वाले का इसने नरक तक पीछा किया है।

हास्य-व्यंग्य कलात्मक अभिव्यक्ति है। इसकी मर्यादा स्वयं में निहित है। इसको हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। यह व्यवस्था बेलगाम, अमर्यादित उन्हीं लोगों को दिखती है, जो खुद को शीशे के आगे खड़े करने में हिचकिचाते हैं और जब शीशा बरबस सामने आ जाता है तो ये खुद से ही शर्मिंदा होकर आंदोलित हो जाते हैं। वे शीशा तोड़ कर अपराध भाव से मुंह मोड़ लेते हैं। वे भूल जाते हैं कि शीशे के जितने टुकड़े होंगे उतने ही प्रतिबिंब भी बनेंगे। पहले विकृति सिर्फ एक आईने से झलकती थी, अब सौ से दिखेगी। ठीक वैसे ही जैसे एक कार्टून जो एक अखबार में छप कर खत्म हो गया था, आज हजार लबों पर सुर्ख रूह होकर चमक रहा है। जीता व्यंग्य ही है। बाकी सब हार गए हैं, जल्द ही फना भी हो जाएंगे।

असुरक्षित स्त्री

संजय ठाकुर

भारत के राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो द्वारा देश में महिलाओं की स्थिति पर पिछले दिनों जारी रिपोर्ट देश में महिलाओं की बढ़ती असुरक्षा की एक चिंताजनक तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश में हर घंटे चार महिलाएं बलात्कार का शिकार हो रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार देश में बलात्कार का आंकड़ा अड़तीस हजार नौ सौ सैंतालीस के पार हो गया है। इतना ही नहीं, महिलाओं के प्रति आपराधिक घटनाओं में हर वर्ष वृद्धि हो रही है। इस रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि हर आयु की महिला ऐसी घटनाओं की शिकार हो रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार बच्चियों के साथ बलात्कार का आंकड़ा उन्नीस हजार सात सौ पैंसठ से आगे निकल गया है। कोमा में गई एक महिला का अस्पताल में बलात्कार भी इसी देश में घटित एक मामला है, जो निश्चित रूप से विकृत मानसिकता की पराकाष्ठा है। ऐसी स्थिति के चलते महिलाओं पर केंद्रित नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर भी कई सवाल खड़े होते हैं।

थॉमसन-रॉयटर्स फॉउंडेशन ट्रस्टलॉ प्रो बोनो की एक रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के लिए असुरक्षा की दृष्टि से भारत चौथे स्थान पर है। यूनीसेफ की रिपोर्ट 'हिडन इन प्लेन साइट' में खुलासा किया गया है कि भारत में पंद्रह से उन्नीस वर्ष की आयु की चौंतीस प्रतिशत विवाहित महिलाएं ऐसी हैं जो अपने पति या साथी के हाथों शारीरिक या यौन-हिंसा का शिकार होती हैं। वहीं यूनाइटेड नेशन्स फंड फॉर पॉपुलेशन ऐक्टिविटीज और वॉशिंगटन स्थित संस्था इंटरनेशनल सेंटर रिसर्च ऑन वीमेन की एक रिपोर्ट में सामने आया है कि भारत में दस में से छह पुरुषों ने अपनी पत्नी या प्रेमिका के साथ कभी न कभी हिंसक व्यवहार किया है।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के आधार पर दिल्ली को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर घोषित किया गया है। दिल्ली में पिछले पांच वर्षों के दौरान महिलाओं के साथ बलात्कार के मामलों में दो सौ सतहत्तर प्रतिशत वृद्धि भी इस बात की पुष्टि करती है। यहां हर वर्ष औसतन पांच सौ बहत्तर ऐसे मामले दर्ज हो रहे हैं। वर्ष 2016 में यह आंकड़ा दो हजार एक सौ पचपन तक पहुंच चुका था। इनमें ऐसे मामलों की भी बहुत बड़ी संख्या है, जिनके दर्ज होने के बाद एक लंबा समय बीत जाने पर भी कोई नतीजा नहीं निकला है। सबसे ज्यादा चिंताजनक बात तो यह है कि बर्बरता दर्शाती घटनाओं के बावजूद ऐसे मामलों में कमी आने के बजाय अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। वर्ष 2012 के बहुचर्चित निर्भया कांड के बाद ऐसे मामलों के थमने या कम होने की उम्मीद थी, लेकिन इसके बिल्कुल उलट ऐसे मामलों में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है। इस घटना के बाद बालात्कार के दर्ज मामलों में एक सौ बत्तीस प्रतिशत की वृद्धि निश्चित ही ऐसी घटनाओं को रोकने की दिशा में एक कारगर पहल किए जाने पर जोर देती है।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार महिलाओं के उत्पीड़न और बलात्कार के सबसे ज्यादा मामले मध्यप्रदेश में दर्ज किए गए हैं। यह राज्य महिलाओं के उत्पीड़न और बलात्कार के मामलों में तीन साल से सबसे आगे चल रहा है। यहां दूसरे अपराधों की अपेक्षा महिलाओं के प्रति 14.1 से 16.4 प्रतिशत ज्यादा आपराधिक मामले सामने आए हैं। ऐसे मामलों में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है। यहां बलात्कार के चार हजार आठ सौ सोलह मामले दर्ज किए गए हैं। इस सूची में तीसरा स्थान महाराष्ट्र का है, जहां बलात्कार के चार हजार एक सौ नवासी मामले प्रकाश में आए हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि थोड़े-बहुत अंतर के साथ देश के लगभग सभी राज्यों में महिलाओं की स्थिति एक-सी है। इनमें कई राज्य ऐसे भी हैं, जहां की सरकारें महिलाओं को भयमुक्त वातावरण के बड़े-बड़े दावे करती रही हैं, लेकिन महिलाओं के प्रति अपराध में दूसरे राज्यों से भी कहीं आगे हैं। इससे इन राज्यों की सरकारों के दावों की पोल तो खुलती है, लेकिन इनकी जवाबदेही सुनिश्चित करवाने के लिए न तो केंद्र सरकार की कोई इच्छा-शक्ति है और न ही न्याय-व्यवस्था की इनके विरुद्ध कार्रवाई की कोई पहल।

इस रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के बलात्कार और उत्पीड़न में मध्यप्रदेश का पहले, उत्तर प्रदेश का दूसरे और महाराष्ट्र का तीसरे तथा महिलाओं के प्रति सभी प्रकार के अपराध में त्रिपुरा का पहले और दिल्ली का दूसरे स्थान पर होना; देश के बड़े राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में अंतर को उजागर करता है। ऐसा इसलिए कि लंबे समय तक देश के बड़े राजनीतिक दल ही इन राज्यों पर शासन करते रहे हैं। इन राज्यों में लगातार बढ़ रही अपराध की ऐसी घटनाएं महिलाओं के प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों की संवेदनशीलता की पोल खोलने के साथ-साथ इस बात की भी पुष्टि करती हैं कि महिलाओं के प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों की गंभीरता चुनावों, राज्यसभा, लोकसभा और विधानसभा के भाषणों तक ही सीमित है।

संदर्भ

> महिलाओं के लिए बनने वाली नीतियों का तब तक कोई अर्थ नहीं है, जब तक कि उन्हें सुरक्षित वातावरण नहीं दिया जाता। राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा योगदान इस बात की पुष्टि करता है कि महिलाएं विकास के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए योग्य और सक्षम हैं।

आए दिन महिलाओं को घरेलू हिंसा, बलात्कार, यौन-शोषण और दूसरे कई तरह के उत्पीड़न का दंश झेलना पड़ रहा है। यहां तक कि कई मामलों में उसे सामूहिक बलात्कार तक का शिकार होना पड़ रहा है। ऐसे में महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में प्राथमिकता के आधार पर काम करने की जरूरत है। यों तो महिलाओं की स्थिति पर चिंतन की जरूरत बहुत पहले से महसूस की जाती रही है, लेकिन विभिन्न सरकारों; संबंधित प्रशासन और विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा इस ओर कभी गंभीरता न दिखाए जाने से देश में महिलाओं की असुरक्षा लगातार बढ़ रही है। ऐसे माहौल में महिला-आरक्षण से ज्यादा महिलाओं के प्रति हो रही बर्बरता को रोकने के लिए दिशा निर्धारित करने पर जोर देने की जरूरत है। महिलाओं को आरक्षण से कहीं ज्यादा सुरक्षित वातावरण की जरूरत है। महिलाओं के लिए बनने वाली नीतियों का तब तक कोई अर्थ नहीं है, जब तक कि उन्हें सुरक्षित वातावरण नहीं दिया जाता। राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा योगदान इस बात की पुष्टि करता है कि महिलाएं विकास के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए योग्य और सक्षम हैं। ऐसे वातावरण के निर्माण से महिलाओं के विकास को सुनिश्चित करने के साथ-साथ लोगों की इनके प्रति अवधारणा और मानसिकता को भी बदलने में सहायता मिलेगी।

सरकार को इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि कोई भी महिला घरेलू हिंसा की शिकार न हो पाए और किसी भी महिला को घरेलू झगड़ों के कारण आत्महत्या न करनी पड़े। हालांकि महिलाओं के आत्महत्या करने के बहुत-से कारण भावनात्मक और निजी पाए गए हैं, लेकिन महिलाओं द्वारा की जाने वाली आत्महत्याओं के दूसरे कारणों का भी पता लगाना होगा। ऐसा इसलिए भी जरूरी है कि हर वर्ष हो रही आत्महत्याओं में महिलाओं का आंकड़ा बहुत बड़ा है। चिंताजनक है कि हर वर्ष आत्महत्याओं के कुल मामलों में सड़सठ प्रतिशत महिला-आत्महत्या से संबंधित होते हैं। इस तरह देखें तो आत्महत्या करने वाले हर पांच में एक गृहिणी होती है। महिलाओं द्वारा की जा रही आत्महत्याओं के ये मामले हैरान करने वाले भी हैं। सरकार को पुलिस की छवि को सुधारने के भी प्रयास करने चाहिए। पुलिस की अच्छी छवि और सौहादर्पूर्ण व्यवहार से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को न्याय की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। संबंधित कानून को प्रभावी ढंग से लागू करके महिलाओं के प्रति अपराध की घटनाओं पर निश्चित ही रोक लगाई जा सकती है।

यह पेशेवर तरीका नहीं

वक़्त की नब्ज़

■ तवलीन सिंह

शुरू करती हूं यह स्पष्ट करके कि मेरी नजर में पाकिस्तान किसी हाल में भारत की बराबरी नहीं कर सकता है। भारत को तोड़ कर जबसे बना है यह देश, इसके सैनिक शासकों की कोशिश रही है दुनिया के सामने साबित करने की कि वह भारत के बराबर है हर तरह से। इस कोशिश में उसने परमाणु हथियार बनाए। तीन बार भारत से उसने युद्ध किया कश्मीर हासिल करने के लिए और इसी कोशिश की वजह से खुद टूट गया पाकिस्तान दो हिस्सों में। लेकिन दुनिया की नजरों में अब भी सिर्फ एक छोटा, कंगाल देश है, जिसकी पहचान बन गई है जिहादी आतंकवाद के अड्डे की।

इसलिए मुझे बहुत तकलीफ हुई पिछले दिनों यह देख कर कि कुछ 'राष्ट्रवादी' भारतीय टीवी चैनलों ने पाकिस्तान को इतनी अहमियत दे रखी है कि उसको भारत के स्तर पर पहुंचा दिया है। जबसे अनुच्छेद 370 को खत्म कर दिया गया है, रोज किसी न किसी समाचार चैनल पर चर्चा होती है कश्मीर की स्थिति को लेकर। इन चर्चाओं में हिस्सा लेने आते हैं पाकिस्तानी पत्रकार, बुद्धिजीवी और पूर्व जरनैल। अक्सर ये लोग गुस्से में अपनी बातें रखते हैं चिल्ला-चिल्ला कर इतना ज्यादा कि उनकी आधी बातें समझ में ही नहीं आती हैं। इसके बावजूद इनको बार-बार बुलाया जाता है और जब भी आते हैं, हमारे जाने-माने एंकर उनको जलील करने में लग जाते हैं। इतना जलील करते हैं कि देखने वालों में उनके लिए हमदर्दी-सी पैदा हो जाती है। जलील ही करना है, तो बुलाते क्यों हैं?

पाकिस्तान का ऐसा फितूर चढ़ गया है मेरे कुछ टीवी पत्रकार बंधुओं के सिर कि 'हाउडी मोदी' वाले प्रधानमंत्री के अमेरिकी दौरे में पाकिस्तान को घड़ी-घड़ी घसीटा है इन्होंने, जैसे कि कोई मुकाबला चल रहा हो नरेंद्र मोदी और इमरान खान के बीच। इस हद तक गए हैं ये लोग कि कई पत्रकारों ने इस चीज को भी महत्त्वपूर्ण माना कि मोदी के स्वागत में एयरपोर्ट पर लंबा लाल कालीन बिछाया गया था और इमरान खान के लिए एक छोटा-सा लाल पायदान। क्या यह भी कोई कूटनीतिक जीत है?

संयुक्त राष्ट्र की आमसभा में जब मोदी पहुंचे, तो वहां भी इसी किस्म की पत्रिकारिता पेश आई। सो, सवाल उठाए कई पत्रकारों ने कि डोनाल्ड ट्रंप ने इमरान खान के साथ ज्यादा समय गुजारा कि मोदी के साथ। संयुक्त राष्ट्र में इस साल कई महत्त्वपूर्ण मुद्दे थे, जिन पर चर्चा हो सकती थी। जलवायु परिवर्तन का मुद्दा था, जिसमें भारत की भूमिका का जिक्र हो सकता था। ईरान और अमेरिका के बीच जो जंग की स्थिति बनती जा रही है, उसमें भारत की भूमिका की चर्चा हो सकती थी। चीन और अमेरिका के बीच जो व्यापार को लेकर झगड़ा चल रहा है उसमें भारत की भूमिका की बात हो सकती थी।

> जो पाकिस्तान के जरनैल न कर सके वह काम भारत के पत्रकारों ने करके दिखाया है : पाकिस्तान को भारत के बराबर लाकर रख दिया है। क्या हासिल हुआ है इस तरह की पत्रकारिता से भारत को?

इन सब मुद्दों को अनदेखा करके जाने-माने पत्रकारों ने ध्यान दिया सिर्फ पाकिस्तान पर। इस हद तक कि मोदी और ट्रंप जब पत्रकारों से इकट्ठा मुखातिब हुए, तो यहां भी तकरीबन सारे सवाल पाकिस्तान पर थे। कहने का मतलब मेरा यह है कि जो पाकिस्तान के जरनैल न कर सके वह काम भारत के पत्रकारों ने करके दिखाया है : पाकिस्तान को भारत के बराबर लाकर रख दिया है। क्या हासिल हुआ है इस तरह की पत्रकारिता से भारत को?

पत्रकार देशभक्त हो सकते हैं और अक्सर होते भी हैं, लेकिन समझदार पत्रकार कभी अपनी पत्रकारिता में देशभक्ति इस हद तक नहीं लाते कि पत्रकार न रह कर सरकारी प्रवक्ता बन जाएं। अफसोस कि ऐसा अमेरिका में मोदी के इस दौरे की खबर देते हुए किया है इतना कि उनमें और पाकिस्तान से गए पत्रकारों के बीच बहुत कम फर्क रह गया था। ट्रंप ने इमरान के साथ जब पत्रकारों को संबोधित किया तो पाकिस्तानी पत्रकारों ने भारत को लेकर इतने उलटे-सीधे सवाल उनसे पूछे कि ट्रंप ने इमरान को कहा, 'क्या यह आपके टीम के लोग हैं? या स्वतंत्र पत्रकार? काश कि मुझे भी मिल जाते इस किस्म के पत्रकार।' बाद में इन्होंने यही बात कही भारतीय पत्रकारों के बारे में।

देशभक्ति की जितनी अहमियत है उतनी ही अहमियत है असली पत्रकारिता की। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा खंभा इसलिए माना जाता है, क्योंकि राजनेताओं और सरकारों की हरकतों पर निगरानी रखना मीडिया का दायित्व है। इस दायित्व को अगर हम निभा रहे होते ईमानदारी से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद, तो कम से कम इतना तो पूछते अपने शासकों से कि कश्मीर में अगर अब अमन-शांति बहाल हो गई है, तो अब भी नजरबंद क्यों हैं वहां के सारे बड़े राजनेता। स्थिति कश्मीर घाटी में अब पूरी तरह सामान्य हो गई है, तो अभी तक फोन सेवाएं क्यों बंद हैं?

इन सवालों के जवाब हम भारतीय पत्रकार जब नहीं मांगते हैं, तो इनको मांगने लगते हैं विदेशी पत्रकार, जिनमें कई ऐसे लोग हैं, जिनकी नीयत खराब है भारत को लेकर। मैं राष्ट्रवाद और देशभक्ति को बहुत अहमियत देती हूं, लेकिन यह भी मानती हूं की जब ये भावनाएं अपनी सीमाएं लांघ जाती हैं, तो लोगों को अंधा कर देती हैं। पत्रकारों के लिए ये खासतौर पर खतरनाक हैं। प्रधानमंत्री के 'हाउडी मोदी' दौरे पर जो पत्रकारिता देखने को मिली है भारत के तकरीबन हर टीवी चैनल पर, उसमें राष्ट्रवाद ज्यादा और खबरें कम दिखी हैं। ऐसा लगने लगा है कि कश्मीर को लेकर हम पत्रकार इतने राष्ट्रवादी हो गए हैं कि यथार्थ दिखना बंद हो गया है। ऐसे राष्ट्रवाद ने पाकिस्तान की मदद ज्यादा की है, अपनी भारत माता की कम। कड़वा सच है यह, लेकिन जरूरी हो गया है इस कड़वे सच को उगलने का। पत्रकारिता का मिश्रण राष्ट्रवाद से नहीं होना चाहिए।

यह है गीता का ज्ञान

बाख़बर

■ सुधीश पचौरी

हाउडी मोदी' सुपर हिट शो रहा! पूरे समय 'मोदी-ट्रंप' की जोड़ी ने जम कर तालियां बटोरीं! मोदी के एक एक वाक्य पर तालियां बजीं और देर तक बजती रहीं। यह शो पिछले न्यूयार्क वाले शो से भी सवाया दिखा।

'अबकी बार ट्रंप सरकार' के जवाब में ट्रंप जी भी बोल उठे कि मोदी जी रॉक स्टार हैं। एल्विस प्रेस्ले हैं।... उन्होंने भारत को एक किया है, हम उनको भारत का पिता मानते हैं! इस नए 'पितृत्व' पर जारी एक चैनल की बहस में एक पत्रकार कहिन कि ट्रंप जोकर हैं, उनके कहे को 'सीरिसयली' न लें।

इसे देख विपक्ष को सही समय पर 'ईर्ष्या' महसूस हुई। राहुल ने ट्वीट कर खिल्ली उड़ाई और एक चर्चक से 'खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे' की उपाधि पाई!

लेकिन हाय री बिटिया ग्रेटा थनबर्ग! यूएन सभा का शो तो असल में तूने लूटा, जब तूने गुस्से में दुनिया के उपस्थित मठाधीशों को फटकार लगाते हुए कहा कि 'तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई?' (हाउ डेअर यू?) कि पानी को गंदा करो, हवा को गंदा करो और हमारे जीने के हक को छीनो! तुम्हारी इस प्यारी फटकार पर सारे मठाधीश मुग्ध हुए और तुम्हारे लिए एक समांतर नोबेल का रास्ता खुला! पर्यावरण बिगाड़ेंगे गोरे और बचाएंगे भी गोरे और इनाम भी ले जाएंगे गोरे और खाली ताली बजाएंगे हम आप!

इसी सप्ताह शाहजहांपुर की कानून की उस छात्रा की वह 'कॉमिक-ट्रेजिक' कहानी भी दिखी, जिसमें एक स्वामी जी पर छात्रा ने बलात्कार का आरोप लगाया था और न्याय की मांग की थी, लेकिन 'लेटेस्ट सीन' में रेप आरोपित स्वामी जी अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ करते दिखते रहे, जबकि आरोप लगाने वाली छात्रा 'ब्लैकमेल' के आरोप में अंदर कर दी गई! एक बहस में एक आलोचनात्मक पत्रकार बोला कि यह तो उल्टा न्याय है, तो इसके जवाब में भक्त बोले कि स्वामी जी हमारी पार्टी के सदस्य नहीं हैं और कानून अपना काम कर रहा है।

इसी तरह एक शाम एक एंकर ने खबर दी कि बुलंदशहर के पुलिस अफसर सुबोध के उस 'कथित' हत्यारे को 'बेल' मिल गई है, जिसने मौका-ए-वारदात से ही एक घंटे में हजार फोन किए थे।

इस पर भी एक अन्य भक्त प्रवक्ता ने प्यार से समझाया कि देखिए, कानून अपना काम कर रहा है! दोषी बख्शे नहीं जाएंगे और निर्दोष सजा नहीं पाएंगे!

कुछ विद्वानों ने एक शाम एक चैनल में एक दार्शनिक किस्म का सवाल किया कि जब चुनाव आते हैं तो कोई न कोई, किसी न किसी बड़े विपक्षी नेता को अंदर ले जाने की तैयारी क्यों करने लगता है?

जब उस 'कोआपरेटिव बैंक' का बोर्ड 'सर्वदलीय' था, तो धन की धुलाई भी 'सर्वदलीय भाव' से हुई होगी। ऐसे में अकेले शरद पवार और उनके भतीजे को ही 'टारगेट' क्यों किया जा रहा है?

> एक चैनल-चर्चा में एक वरिष्ठ वकील ने बताया कि चालीस साल पहले उन्होंने मद्रास विश्वविद्यालय में भारतीय दर्शन पढ़ा था, जिसमें वेदांत, उपनिषद्, गीता सब शामिल थे। जब तब किसी ने खतरनाक नहीं माना, तो अब आपत्ति क्यों?

इसके जवाब में चैनलों में कुछ भक्त प्रवक्ता एकदम शांत स्वर में कहते रहे कि देखिए बेगुनाह को सजा नहीं होगी और गुनहगार बख्शे नहीं जाएंगे। कानून अपना काम कर रहा है। उसे अपना काम करने दें।

इस बीच आरएसएस दो बार चर्चाओं में आया। पहले संघ ने एक 'महिला सर्वे' देकर बताया कि 'सिंगिल लिविंग' महिला के मुकाबले परिवार वाली महिलाएं (चौंसठ फीसद) अधिक सुखी रहती हैं और फिर वह एनआरसी के संदर्भ में भागवत जी का बयान के जरिए चर्चा में आया कि देश मे रहने वाले सब भारतीय हिंदू हैं!

संघ की ऐसी 'उदार हृदयता' देख कई भक्त एंकरों के चेहरे खिल उठे। इस उदारता को वे किसी दिव्य राष्ट्रीय प्रसाद की तरह चर्चाओं में बांटते रहे और साथ ही कांग्रेस, राहुल और सेक्युलर विपक्षियों पर हाथ साफ करते रहे।

ऐसे एंकरों का आभार कि इसी बहाने विपक्ष कुछ चैनलों में जिंदा बना रहता है!

एक चैनल वृहस्पतिवार को बार-बार दिल्ली में कानून-व्यवस्था की बदहाली को दिखाता रहा। एंकर कहती रही कि दिल्ली में दस दिन में दस अपराध हुए हैं। चेन-स्नैचिंग, लूट, गोली चालन और हत्या की वारदातें हुई हैं। सब सीसीटीवी में कैद हुई है और ये देखिए, यहां यहां यहां हुई हैं फिर भी पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है। दिल्ली एकदम असुरक्षित शहर हो गया है, तो एक प्रवक्ता जी देर तक समझाते रहे कि यह हो रहा है। यह सब सच है। लेकिन देश विकास कर रहा है, यह भी तो सच है।

एंकर बोली कि मैं इस वक्त विकास की नहीं, दिल्ली में बढ़ते अपराधों की बात कर रही हूं, तो वे कहने लगे कि देखिए दिल्ली की सीमाएं खुली हैं तब भी कानून अपना काम कर रहा है, और करेगा।

इसी शाम जैसे ही यह खबर टूटी कि चेन्नई के अन्ना विश्वविद्यालय ने दर्शन के पेपर में 'भगवद्गीता' को वैकल्पिक रूप में लगा दिया है तो एक बार फिर द्रमुक के स्टालिन जी को 'गीता' तमिल अस्मिता पर 'खतरा' लगी। एक द्रमुक प्रवक्ता बोला कि यह भगवाकरण की साजिश है। संस्कृत थोपना है। उत्तर भारतीय लोग पहले तमिल ग्रंथ 'तिरुक्कुरल' को तो पढ़ें, फिर गीता की बात करें! एंकर कहती रही कि तमिल वीर जी! 'गीता' को संस्कृत के साथ तमिल भाषा में भी पढ़ाए जाने की व्यवस्था भी है और कि यह पर्चा 'कंपल्सरी' नहीं, वैकल्पिक है, लेकिन तब भी न माने तमिल के लाल! और तो और लेफ्ट भी बोल उठा यह सेक्युलर मूल्यों के खिलाफ है, जबकि 'गीता' वाले पूछते रहे कि सुकरात, प्लेटो बुद्ध दर्शन का पाठ ठीक और 'गीता पाठ' खतरनाक! यह क्या बात हुई?

एक चैनल-चर्चा में एक वरिष्ठ वकील ने बताया कि चालीस साल पहले उन्होंने मद्रास विश्वविद्यालय में भारतीय दर्शन पढ़ा था, जिसमें वेदांत, उपनिषद्, गीता सब शामिल थे। जब तब किसी ने खतरनाक नहीं माना, तो अब आपत्ति क्यों?

यह है गीता का ज्ञान!

epaper.jansatta.com

बदलाव की अंगड़ाई ले रहा है हरियाणा का युवा

जननायक जनता पार्टी के युवा नेता दुष्यंत चौटाला का कहना है कि देश के कई राजनीतिक परिवार दो हिस्सों में बंट गए हैं, मायने यह रखता है कि जनता किसका साथ देती है। लोकसभा चुनाव में देश की सबसे बड़ी क्षेत्रीय पार्टी बन कर उभरने का दावा करते हुए वे कहते हैं कि हरियाणा का युवा बदलाव की अंगड़ाई ले रहा है और प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले होंगे। बातचीत कार्यक्रम का संचालन किया कार्यकारी संपादक मुकेश भारद्वाज ने।

बारादरी की बैठक में दुष्यंत चौटाला

फोटो : गजेंद्र यादव

मनोज मिश्र : परिवार में बिखराव और फिर पार्टियों में बढ़ोतरी का इस चुनाव में कितना असर पड़ेगा?

दुष्यंत चौटाला : मैं यह नहीं मानता कि परिवार में बिखराव हुआ है। राजनीतिक सोच बदल गई है। जननायक जनता पार्टी का निर्माण तब हुआ जब अजय सिंह चौटाला, दिग्विजय जी, निशांत जी, मुझको पार्टी से बर्खास्त कर दिया गया। हमने पार्टी नहीं छोड़ी। न हम उत्तर प्रदेश की तरह निशान की, झंडे की, डंडे की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमने तो एक नई शुरुआत की है और प्रदेश की जनता ने जींद उपचुनाव में जहां हमें इकतीस हजार वोट दिया वहीं आइएनएलडी को चौंतीस सौ वोट दिया। लोकसभा चुनाव में हम इस देश की सबसे बड़ी क्षेत्रीय पार्टी बन कर उभरे हैं। वही आइएनएलडी, जो कभी चौबीस फीसद से कम वोट नहीं लेती थी, वह एक से डेढ़ फीसद पर सिमट गई है। इस तरह जनता ने यह तो स्वीकार कर लिया है कि जो विचारधारा चौधरी देवीलाल की थी, डॉक्टर अजय सिंह चौटाला की थी, वही सही है। जब हम परिवार को देखते हैं, तो आज सिंधिया परिवार दो हिस्सों में है, गांधी परिवार दो हिस्सों में है, बादल साहब का परिवार आज दो हिस्सों में है। हमारे परिवार में भी यह वाकया 1991 में देखने को मिला, जब चौधरी रणदीप सिंह जी ने कांग्रेस की सदस्यता ली थी। फिर चौधरी प्रताप सिंह भाजपा में गए थे। जनता किसका साथ देती है, यह अहमियत रखता है।

अजय पांडेय : चर्चा थी कि एक बार फिर से इनेलो और जेजेपी को मिलाने की कोशिश हो रही है। यह कहां तक सही है।

● यह राजनीतिक दलों के एक होने की बात है। मुझे नहीं लगता है कि कोई सामाजिक संगठन इस पर निर्णय ले सकता है। मैंने बहुत स्पष्ट कहा था कि हम पारिवारिक स्तर पर अलग नहीं हुए हैं। अगर कोई ऐसा मानता है, तो यह उसकी सोच हो सकती है। जहां तक राजनीतिक स्तर पर अलग होने की बात है, यह निर्णय संगठन का है।

पंकज रोहिला : आप भी युवाओं को सशक्त बनाने की बात कर रहे हैं और दूसरी पार्टियां भी कर रही हैं। आप उनसे खुद को किस तरह अलग साबित करते हैं?

● जब मैं सांसद चुना गया था तो स्किल इंडिया विभाग गठित हुआ था। वह युवाओं को सशक्त बनाने के लिए गठित किया गया था। आज कहां है वह स्किल इंडिया? करोड़ों रुपए उसमें खर्च कर दिए गए, उसके बावजूद देश में बेरोजगारी बढ़ी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने अभी कहा कि हरियाणा में महज अस्सी हजार युवा बेरोजगार हैं। हैरानी की बात है कि तीन दिन लगातार क्लर्कों के इंटरव्यू चले, चार हजार कुछ पदों के लिए। उसमें पंद्रह लाख बच्चों ने पर्चे दिए। इसका मतलब तो यह हुआ कि जिन लोगों ने फार्म भरे उन पंद्रह लाख लोगों को सरकार बेरोजगार तो मानती है! आज के दिन सत्रह हजार ग्रुप-डी की नौकरियों के लिए अठारह लाख बच्चे फार्म भरते हैं। क्या वे सभी रोजगारशुदा हैं? हकीकत यह है कि इस सरकार ने युवा के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। युवा के नाम पर पैसा जरूर बर्बाद किया है। ये कहते रहे कि विदेशी कंपनियां आएंगी, तो रोजगार बढ़ेगा। जबकि पांच सालों में किसी को कोई रोजगार नहीं मिला। बल्कि उलटा यह हुआ है कि मारुति और हीरो होंडा जैसी कंपनियां, जो हजारों युवाओं को रोजगार देती थीं, उन्होंने नौकरियों में कटौती शुरू कर दी है।

मुकेश भारद्वाज : पिछले कुछ चुनावों से हम देख रहे हैं कि एक लहर बन जाती है और उसी को आगे बढ़ाया जाता है, सर्वेक्षण भी उसी दिशा में आते हैं। हरियाणा में भी एक लहर बन चुकी है कि भाजपा की सरकार दुबारा आ रही है, एक सर्वे ऐसा दिखा भी चुका है। आपको कैसे लगता है कि लोग मौजूदा सरकार को नहीं चुनेंगे?

● हरियाणा का इतिहास गवाह है कि 2009 में जब भजनलाल अपनी सीट जीते थे और कांग्रेस नौ जीती थी, उस समय भी सर्वे कांग्रेस को सत्तर से अधिक सीटें दिखा रहे थे। उससे पहले 1984 में जब देश में राजीव गांधी की सरकार बनी थी, तब नब्बे की नब्बे सीटों पर कांग्रेस की जीत का दावा किया जाता था, मगर उस समय चौधरी देवीलाल को लोगों ने पचासी सीटें दी थीं। तो, परिस्थितियां समय के मुताबिक बदलती रहती हैं। आज प्रदेश में अठारह बच्चों की जान सिर्फ इसलिए चली जाती है कि वे दूसरे समुदाय से आते हैं, आगजनी की घटना होती है, अस्सी सरकारी लोगों को गोलियों से मार दिया जाता है, आज युवा रोजगार के लिए तरस रहा है, आज अपराध इतना बढ़ चुका है कि हरियाणा देश का चौथा सबसे बड़ा आपराधिक राज्य बन चुका है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था की हालत यह है कि हम एक सौ साठ करोड़ रुपए से ज्यादा के कर्ज में डूबे हैं। ऐसे में हम कैसे राज्य सरकार को दुबारा जिता सकते हैं। इस बार नया इतिहास बनने वाला है कि किस तरह हरियाणा का युवा अंगड़ाई लेकर बदलाव लाएगा।

आर्येंद्र उपाध्याय : अगर आप सत्ता में आए, तो लोगों को रोजगार देने की क्या योजनाएं हैं आपके पास?

● आज हर राज्य ने अपने-अपने कानून पारित कर रखे हैं। उत्तराखंड, हिमाचल में सत्तर प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार का कानून है। इससे पहले महाराष्ट्र ने निर्णय किया था कि अस्सी फीसद मराठीभाषी बच्चों को रोजगार दिया जाएगा। सबसे बड़ी जरूरत है कि उत्पादन से अधिक खपत बढ़ाई जाए, तभी राजस्व बढ़ेगा। राजनीति में बहुत कम लोग समझते हैं कि राज्य को चलाने के लिए राजस्व की जरूरत है। हरियाणा खपत से सात सौ फीसद अधिक उत्पादन करता है। इसका मतलब है कि हम देश के दूसरे राज्यों को कर चुका रहे हैं। इसी का नतीजा है कि हरियाणा की अर्थव्यवस्था घाटे में चल रही है। आज जरूरत है कि हम हरियाणा के पचहत्तर फीसद बच्चों को नौकरी दें। इस तरह बेरोजगारी की समस्या खत्म हो जाएगी।

अजय पांडेय : कहा जा रहा है कि इस बार का चुनाव जाट और गैर-जाट के बीच होने जा रहा है। गैर-जाट भाजपा के साथ जा रहे हैं!

● मैं तो हैरान हूं कि हरियाणा में आज से पहले ऐसी चर्चा नहीं होती थी। खट्टर साहब का एक एजंडा था कि वे मुख्यमंत्री बनें और प्रदेश में एक चर्चा चलाएं। आप सोचिए कि अगर जाट और गैर-जाट का चुनाव होता तो क्या हमारे धर्मवीर सिंह यादव होकर भी भिवानी से जीत जाते? तो, लोगों के बीच इस तरह का जो प्रचार किया जा रहा है, वह सही नहीं है। जमीनी हकीकत यह है कि लोग बदलाव चाहते हैं।

मृणाल वल्लरी : पिछले कुछ समय से चुनावों में छवि प्रबंधन के आधार पर काम हो रहा है। उसमें भाजपा सबसे आगे है। इससे आप कैसे मुकाबला करेंगे?

● आज भाजपा की हालत यह है कि एक अनार सौ बीमार। अभी उनका टिकट बंटवारा शुरू नहीं हुआ। टिकट बंटने दीजिए, फिर देखिए कि उन्हें छोड़ कर कितने लोग भागते हैं।

दीपक रस्तोगी : पिछले चुनावों में देखा गया कि चुनाव प्रचार प्रबंधन के मामले में भी भाजपा सबसे मजबूत साबित हुई, जिसके चलते विपक्ष के उठाए तमाम बड़े मुद्दे हवा हो गए। इस लिहाज से आपकी क्या तैयारी है?

● लोकसभा से पांच महीने पहले राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव हुए थे। तीनों प्रदेशों में भाजपा हारी। मगर वही कांग्रेस जो वहां सरकार में है, उसके एक सांसद भी जीत कर नहीं आए। राज्य और केंद्र में यह परिवर्तन कोई पहली बार देखने को नहीं मिला। अनेक उदाहरण हैं। तो, लोग हर समीकरण को देखते हुए वोट डालते हैं।

मनोज मिश्र : इस चुनाव में कांग्रेस को कहां पाते हैं?

● पहले तो कांग्रेस अपनी अंदरूनी लड़ाई लड़ ले, बाकी बातें बाद में होंगी। आज स्थिति यह है कि उनके प्रदेश अध्यक्ष में बदलाव आ गया, विपक्ष का नेता बदला गया। आज स्थिति यह है कि वे लोग इनके मंच पर नहीं चढ़ रहे, समांतर कार्यक्रम कर रहे हैं। इससे पता चलता है कि इनके घर की लड़ाई बहुत ज्यादा है।

पंकज रोहिला : हरियाणा में आम आदमी पार्टी भी अपनी जमीन तलाश रही है, उनके साथ आपका गठबंधन भी रहा है। इस बार क्या स्थिति है?

● यह सही है कि हमने साथ मिल कर चुनाव लड़ा था, पर उनके नेता का संदेश आया कि इस बार वे गठबंधन नहीं चाहते, अकेले चुनाव लड़ेंगे। इसी तरह बसपा हमारे साथ आई, बड़ी ईमानदारी के साथ हमारा गठबंधन हुआ। हमने सारे जिलों के दौरे कर लिए, सीटों को लेकर कोई मनमुटाव नहीं रहा। पर बाद में उनके प्रभारी का एक ट्वीट आया कि वे इस गठबंधन पर राजी नहीं हैं। तो, यह उनकी अपनी इच्छा है। हम तो ग्यारह महीने बना हुआ संगठन हैं। इस दौरान हमने कई अड़चनें भी देखी हैं। पर उनसे हमने बहुत कुछ सीखा भी है।

मृणाल वल्लरी : इस चुनाव में आपके दादाजी पर सबकी नजर रहेगी। उनका झुकाव किसकी तरफ रहेगा।

● वह तो उनका अपनी पार्टी की तरफ ही रहेगा। पिछले लोकसभा चुनाव में भी आए थे। अगर उसका कोई विपरीत प्रभाव पड़ता, तो क्या हमें इतनी कामयाबी मिलती। क्या जिस पार्टी को कभी पच्चीस फीसद से कम वोट नहीं मिले, वह डेढ़ फीसद पर रह जाती?

अरविंद शेष : आपने नई पार्टी बनाई है। क्षेत्रीय और राष्ट्रीय दलों के बारे में आपकी क्या राय है?

● भारत एक ऐसा देश है, जहां द्विदलीय प्रणाली नहीं चल सकती। हम जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं। ऐसे में कोई यह कहे कि दो पार्टियां ही राज करेंगी, तो यह संभव नहीं है। परिवर्तन आता रहता है। आप देख रहे हैं कि कांग्रेस खत्म हो रही है। जनसंघ से जो जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी बनी, उसका भी यह उच्च शिखर पर पहुंचने का समय है। क्या पता, कोई और संगठन इससे आगे निकल जाए। क्या पता कांग्रेस खत्म हो जाए और कोई तीसरा दल अगुआ बन जाए। हमारे लोकतंत्र में हर नागरिक को यह अधिकार है कि अगर वह सौ लोगों का हलफनामा ले जाकर निर्वाचन आयोग से राजनीतिक दल बनाने की इच्छा जाहिर करे, तो बना सकता है। आज तो हजारों राजनीतिक दल पंजीकृत हैं, पर चुनाव मैदान में कितने लोग सफल हो पाते हैं, महत्त्वपूर्ण बात यह है।

भारत एक ऐसा देश है, जहां द्विदलीय प्रणाली नहीं चल सकती। हम जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं। ऐसे में कोई यह कहे कि दो पार्टियां ही राज करेंगी, तो यह संभव नहीं है। परिवर्तन आता रहता है। आप देख रहे हैं कि कांग्रेस खत्म हो रही है। जनसंघ से जो जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी बनी, उसका भी यह उच्च शिखर पर पहुंचने का समय है। क्या पता, कोई और संगठन इससे आगे निकल जाए। क्या पता कांग्रेस खत्म हो जाए और कोई तीसरा दल अगुआ बन जाए। जनता किसका साथ देगी यह मायने रखता है।

सूर्यनाथ सिंह : जमीनी हकीकत यह भी है कि देश में लोगों का प्रधानमंत्री पर अभी विश्वास बना हुआ है। ऐसे में हरियाणा में आप कैसे खट्टर सरकार को चुनौती दे पाएंगे?

● जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने थे, तब भी हरियाणा में लोगों ने भजनलाल में विश्वास जताया था। 1987 के चुनाव में राजीव गांधी अपनी लोकप्रियता के चरम पर थे, पर हरियाणा में चौधरी देवीलाल को लोगों ने जिताया था। कांग्रेस पांच सीटें जीत पाई थी। आज हरियाणा की जैसी परिस्थिति है, उसमें लोग खट्टर सरकार के घमंड को भुला नहीं सकते।

अजय पांडेय : सतलुज यमुना जोड़ परियोजना पर आज कोई बात नहीं करता, जबकि यह बहुत पुराना मुद्दा है। हरियाणा भी पानी की समस्या से जूझता रहा है। इस पर आप क्या कहना चाहेंगे?

● यह इकतालीस साल पुराना मामला है। मेरा मानना है कि केंद्र सरकार की विफलता की वजह से यह मामला आज तक हल नहीं हो पाया। हिंदुस्तान एकमात्र ऐसा देश है, जहां पानी को राज्य की संपत्ति माना जाता है। जबकि तमाम देशों में इसे राष्ट्रीय संपत्ति का दर्जा दिया गया है। राज्य की संपत्ति होने का ही नतीजा है कि अनेक नदियों के जल बंटवारे को लेकर विवाद हैं। इन तमाम झगड़ों को खत्म करने के लिए सरकार को पानी को राष्ट्रीय संपत्ति बनाना पड़ेगा। हालांकि इससे संबंधित एक विधेयक पहले ही लोकसभा में पारित हो चुका है, पर राज्यसभा में अब तक नहीं उसे रखा गया।

प्रस्तुतिः सूर्यनाथ सिंह / मृणाल वल्लरी

जनसत्ता बारादरी

दुष्यंत चौटाला

तीन अप्रैल, 1988 को हरियाणा के हिसार जिले के दारोली में जन्मे दुष्यंत चौटाला 2014 के लोकसभा चुनाव में सबसे कम उम्र के छब्बीस साल में संसद पहुंचने वाले सांसदों में शामिल हैं। उन्होंने हरियाणा जनहित कांग्रेस के कुलदीप बिश्नोई को 31 हजार 847 वोटों से हराया था। ओम प्रकाश चौटाला के पोते और अजय चौटाला के पुत्र दुष्यंत ने 2018 में इंडियन नेशनल लोक दल से बर्खास्त होने के बाद जननायक जनता पार्टी की स्थापना की। पार्टी स्थापना के बाद जिंद में आयोजित रैली में छह लाख लोग इकट्ठा हुए थे, जिसे हरियाणा के इतिहास में 1986 के बाद काफी बड़ी रैली बताया जाता है। कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी से बिजनेस एडमीनिस्ट्रेशन और मैनेजमेंट में बीएससी करने वाले दुष्यंत ने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से कानून में स्नातकोत्तर की डिग्री ली है।

किताबें मिलीं

तनी हुई रस्सियां

राजेंद्र चुघ के इस संग्रह में तेईस कविताएं और सात गजलें हैं। उनका रचना-संसार एकदम सीधा-सादा, कोई चामत्कारिक चकाचौंध नहीं, कोई पेचीदा बयानी नहीं और न ही कोई आग्रह-दुराग्रहों का कौतूहल से भरा हुआ मंच है। उनकी कविताएं-गजलें घोर वैयक्तिक होते हुए भी सामाजिक सरोकारों के खुले आसमान में प्रवेश करतीं अपनी उपस्थिति दर्शाती हैं और उनकी कहन से कहन तक सफर तय करतीं खुशबू की तरह फैल जाती हैं- पाठक के मन-मस्तिष्क को चीरती।

'लाइव-वायर', 'फर्क' तथा 'तुम्हारे लिए' जैसी कविताएं उद्धरण के रूप में देखी-पढ़ी जा सकती हैं। पर उनका फलक अर्थ की सीमा तोड़ते हुए बहुत आगे निकल जाता है, जो कवि की रचनात्मकता की खूबसूरती है, सच्ची और अच्छी कविता बनते हुए।

राजेंद्र चुघ का कवि नितांत अपनी अनुभूतियों के महल सृजित करने वाला नहीं है। उनकी हर कविता अनुभवात्मक संवेदना की सेज पर से मूर्त्त रूप अख्तियार करती है। उनकी ज्यादातर कविताएं घर-परिवार की जमीन को व्याख्यायित करती हुई मानव-मन की तहों को खंगालती-सी लगती हैं। निश्चित ही यह संग्रह कविता पाठकों की पठनीय शर्तों पर खरा उतरेगा।

तनी हुई रस्सियां : राजेंद्र चुघ; आस्था प्रकाशन, लाडोवाली रोड, जालंधर; 260 रुपए।

दलित सशक्तिकरण

'दलित सशक्तिकरण' चार परस्पर संबंधित मुद्दों को संबोधित करती है। यह भारतीय समाज में बहिष्कृत और स्वदेशी समूहों के बहिष्करण संबंधी पृथक्करण की अवधारणा का निर्माण करती है। प्रस्तुत पुस्तक सामाजिक बहिष्करण की संकल्पना और अर्थ को सामान्य रूप में तथा जाति, अस्पृश्यता और नस्ल-आधारित बहिष्कार की अवधारणा और अर्थ को विशेष संदर्भ में प्रस्तुतीकरण के साथ ही मानव विकास के उपार्जन के क्रम में अंतर-सामाजिक समूह की असमानताओं को भी निरूपित करती है। तत्पश्चात इस पुस्तक में संसाधनों, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक आवश्यकताओं तक न्यून पहुंच के संदर्भ में इन वंचित समूहों की उच्च अभावग्रस्तता से संबंधित कारकों का विश्लेषण किया गया है। अंततः यह किताब आर्थिक, नागरिक और राजनीतिक क्षेत्रों में भेदभाव की भूमिका पर समूह की इन असमानताओं की जड़ता पर प्रकाश डालती है।

पाठकों की आसान और बेहतर समझ के लिए इन सभी मुद्दों को सरल भाषा का प्रयोग करके, प्रासंगिक और नवीन आंकड़ों, अलग-अलग जगहों के केस स्टडी और नागरिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित नवीन विशिष्टताओं की सहायता से समझाया गया है।

दलित सशक्तिकरण : संपादन- सुखदेव थोरात/ निधि सदाना सभरवाल; सेज पब्लिकेशंस, बी-1/1-1, मोहन कॉपरेटिव इंडस्ट्रियल एरिया, मथुरा रोड, नई दिल्ली; 645 रुपए।

भ्रष्टाचार - चर्चित कहानियां



भ्रष्टाचार भारत की सबसे बड़ी समस्या है। पिछले कुछ सालों से यह भारतीय राजनीति का एक सबसे बड़ा मुद्दा भी रहा है और इसकी वजह से बड़े राजनीतिक उथल-पुथल भी देखने को मिले। यह पुस्तक देश में भ्रष्टाचार के सभी आयामों को परिलक्षित करती है। भ्रष्टाचार के इकतालीस प्रकरणों के माध्यम से लेखक ने अधिकांश सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर किया है। भ्रष्टाचार से सभी त्रस्त हैं। आमतौर पर समाज के व्यापारों का संचालन रुक गया है। पुस्तक में आम जनता से संबंधित भ्रष्टाचार के मामलों को प्राथमिकता दी गई है। इसका समय एवं स्थान के अनुसार स्वरूप परिवर्तित होता रहता है। भारत में बदलते हुए परिवेश में रिश्वत देने वाला भी भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के अंतर्गत समान रूप से दोषी है।

प्रस्तुत प्रकरणों के माध्यमों से सभी भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक होंगे तथा उन्हें भ्रष्टाचार से लड़ने में सहायता प्राप्त होगी। यह पुस्तक सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों, भ्रष्टाचार निरोधक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिज्ञों तथा आम आदमी के लिए समान रूप से उपयोगी है।

भ्रष्टाचार- चर्चित कहानियां : प्रमोद कुमार अग्रवाल; किताब महल पब्लिशर्स, 8, हरि सदन, ग्राउंड फ्लोर, 20 अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली; 125 रुपए।

नई दिल्ली

आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं : प्रधानमंत्री

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 74वें सत्र के बाद न्यूयॉर्क से दिल्ली के लिए रवाना होने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश, भूटान और साइप्रस के राष्ट्र प्रमुखों से द्विपक्षीय मुलाकात की। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात के दौरान आतंकवाद और असम में राष्ट्रीय नागरिकता पंजी को लेकर मोदी की विस्तृत चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आतंकवाद और हिंसक अतिवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के अपने रुख को दोहराया। दोनों इस बात पर सहमत हुए कि एक मजबूत सुरक्षा साझेदारी ने दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच भरोसा और एक दूसरे पर विश्वास कायम किया है।

विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जन्मशती के अवसर पर भारत की ओर से आयोजित विशेष कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए मोदी ने हसीना का आभार जताया। दोनों नेताओं ने भारत और बांग्लादेश के संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के प्रयासों की गति बनाए रखने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिति पर भी चर्चा की। हसीना ने मोदी को बांग्लादेश की यात्रा करने का भी निमंत्रण दिया। यह यात्रा 'बंगबंधु' शेख

- **बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात के दौरान आतंकवाद और एनआरसी पर हुई विस्तृत चर्चा**
- **प्रधानमंत्री हसीना ने आश्वस्त किया, एनआरसी से प्रभावित नहीं होगा बांग्लादेश**
- **न्यूयॉर्क से रवाना होने से पहले भूटान व साइप्रस के राष्ट्राध्यक्षों से भी मिले मोदी**

मुजीबुर रहमान की जन्मशती के मौके पर भी हो सकती है। मोदी ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भूटानी समकक्ष लोताय शेरिंग के साथ बातचीत में विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को आगे बढ़ाने के कदमों पर चर्चा की, जिसमें विकास से जुड़ी साझेदारी और पनबिजली क्षेत्र में सहयोग शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन (सीडीआरआइ) में संस्थापक सदस्य के रूप में भूटान का स्वागत किया।

साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस अनास्तासियादेस के साथ मुलाकात में प्रधानमंत्री मोदी ने आंतवाद सहित क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्त्व के कई मुद्दों पर बातचीत की। दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों के व्यापक दायरे पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश की सीमा को बढ़ाने पर जोर दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने के लिए मोदी ने साइप्रस का शुक्रिया अदा किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से रवाना होने से पहले ट्विटर पर 'असाधारण स्वागत, गर्मजोशी और आतिथ्य के लिए अमेरिकी लोगों का शुक्रिया अदा किया और कहा कि इस यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया, जिससे भारत को बहुत लाभ होगा।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने विशेष विमान के साथ मोदी की दो तस्वीरें ट्विटर पर साझा करते हुए उनकी वापसी की जानकारी दी।

शरद पवार पर लगे आरोपों से दुखी होकर दिया इस्तीफा : अजित

मुंबई, 28 सितंबर (भाषा)।

राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने शनिवार को कहा कि कथित एमएससी बैंक घोटाले में पार्टी प्रमुख शरद पवार का अकारण नाम लिए जाने से क्षुब्ध होकर उन्होंने अंतरआत्मा की आवाज पर विधायक पद से इस्तीफा दिया। महाराष्ट्र में 21 अक्तूबर को विधानसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान से पहले अजित के इस्तीफे ने हलचल पैदा कर दी है, हालांकि उन्होंने संकेत दिया कि वह राजनीति नहीं छोड़ रहे हैं। वह वही करेंगे, जो उनके चाचा उनसे कहेंगे।

अजित से जब पूछा गया कि क्या वह बारामती से दोबारा चुनाव लड़ेंगे तो उन्होंने कहा कि पवार साहब मुझसे जो कहेंगे, मैं वह करूंगा। शरद पवार के साथ बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन के दौरान भावुक अजित ने परिवार के भीतर कलह की अटकलों को भी खारिज किया। उन्होंने महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक में 25 हजार करोड़ रुपए के कथित घोटाले के संबंध में खुद पर लगे आरोपों को लेकर भी सवाल किए।

अजित ने कहा कि शरद पवार किसी भी तरह से बैंक और उसके लेनदेन से दूर-दूर तक नहीं जुड़े हैं फिर भी पिछले दिनों मामले के संबंध में केवल पवार साहब का ही नाम घूम रहा था।

संयुक्त राष्ट्र में निशाना बनाए जाने पर संघ ने कहा

'आरएसएस का प्रचार करने के लिए इमरान को बधाई'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

संयुक्त राष्ट्र में पाक प्रधानमंत्री इमरान खान की ओर से निशाना बनाए जाने के एक दिन बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि इमरान ने उसे निशाना बनाकर संघ और भारत को एक दूसरे का पर्याय बनाने का काम किया, क्योंकि संगठन आतंकवाद के खिलाफ रहा है। संघ के सह सरकार्यवाह डॉ कृष्ण गोपाल ने कहा कि आरएसएस के नाम को फैलाने के लिए इमरान को बधाई देनी चाहिए। भारत और संघ अब एक दूसरे के पर्यायवाची हो गए हैं।

कृष्ण गोपाल संघ से जुड़ी संस्था पूर्व सिविल सेवा अधिकारी मंच की पांचवीं वार्षिक व्याख्यानमाला मे बोले रहे थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'संघ केवल भारत में है और भारत के लिए है। उसकी दुनिया में कहीं और शाखा नहीं है। पाकिस्तान हमसे क्यों गुस्से में है। उन्होंने कहा कि इमरान ने इस काम को बखूबी किया है और हम इसके लिए उन्हें बधाई देते हैं। वे हमारे नाम का प्रचार कर रहे हैं। जो लोग आतंकवाद के पीड़ित हैं, इसके खिलाफ हैं, वे अब समझने लगे हैं कि संघ आतंकवाद के खिलाफ है और इसलिए खान संघ पर निशाना बना रहे हैं। ऐसे में बिना कुछ किए इतनी प्रसिद्धि, प्रतिष्ठा मिल रही है इतना बहुत है। हम ईश्वर से प्राथर्ना करते हैं कि वे अपनी इस वाणी को विराम न दें, बोलते रहें।

व्याख्यानमाला के उद्घाटन सत्र में कृष्ण गोपाल ने 'धर्म की ग्लानि' विषय पर व्याख्यान दिया। गोपाल ने कहा, 'धर्म का तात्पर्य केवल पूजा पाठ से नहीं बल्कि यह नैतिक मूल्यों और सकर्मों से जुड़ा है। सामुहिकता का ह्रास धर्म की गलानि है। व्यक्ति का 'हम' से 'मैं' की ओर पलायन 'धर्म की ग्लानि' है। राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयतता का हावी होना, जाति,विरादरी और वर्गों की संख्या में ईजाफा होना, महिलाओं का अपमान ही 'धर्म की ग्लानि' है।'

370 से जुड़े मसलों पर एक अक्तूबर से होगी सुनवाई

पेज 1 का बाकी

एचएल तैयबजी, गोपाल पिल्लई, शाह फैसल एवं अमिताभ पांडे, सेवानिवृत्त वाइस मार्शल कपिल काक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल अशोक कुमार मेहता और जवाहर लाल विश्वविद्यालय छात्रसंघ की पूर्व नेता शेहला राशिद ने भी याचिकाएं दायर की हैं।

सेंगर के ठिकाने के बारे में एप्पल से मांगी जानकारी

पेज 1 का बाकी

हुआ था। मामले से जुड़े वकीलों ने बताया कि जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने आइ-फोन निर्माता को नौ अक्टूबर तक समय दिया है।

प्रौद्योगिकी फर्म ने अपेक्षित 'डाटा' का पता लगाने और उसे प्राप्त करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा था। एप्पल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वकील ने अदालत को बताया कि उन्हें डाटा की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेने की जरूरत है क्योंकि अभी यह ज्ञात नहीं है कि इसे संग्रहित रखा गया है या नहीं और यदि इसे संग्रहित रखा गया है तो यह कहां उपलब्ध है। सेंगर ने युवती के साथ 2017 में कथित तौर पर उस समय बलात्कार किया था जब वह नाबालिग थी। अदालत विधायक के खिलाफ पहले ही आरोप तय कर चुकी है।

'हमारी संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करे चीन'

पेज 1 का बाकी

करेंगे।' संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दा उठाते हुए चीनी विदेश मंत्री वांग ने कहा था कि संयुक्त राष्ट्र के चार्टर, सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौते के अनुसार विवाद को शांतिपूर्ण और उचित तरीके से हल किया जाना चाहिए। पाकिस्तान के करीबी चीन ने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसी कोई कार्रवाई नहीं करनी चाहिए, जिससे वह एकतरफा दिखे और यथास्थिति बदल जाए। वांग के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि कश्मीर पर हाल के फैसले पूरी तरह से हमारा अंदरुनी मामला है।

उन्होंने कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि अन्य देश भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करेंगे और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में गैरकानूनी चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के जरिए यथास्थिति को परिवर्तित करने के प्रयासों से बचेंगे।' भारत ने पिछले महीने जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर दिया और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया। यह फैसला 31 अक्तूबर से प्रभावी होगा।भारत की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'चीन ने पाकिस्तान में बन रहे आर्थिक गलियारे के जरिए पाक अधिकृत कश्मीर की यथास्थिति को बदलने की कोशिश बढ़ा दी है। इसे रोकना होगा।'

टिहरी के पास हादसे में छह सिख तीर्थयात्रियों की मौत

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 28 सितंबर।

बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर टिहरी जिले के देवप्रयाग के पास तीनधारा क्षेत्र में सिख तीर्थयात्रियों से भरे एक टेंपो ट्रैवलर पर पहाड़ी से पत्थर गिर जाने से छह लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। सभी तीर्थयात्री चंडीगढ़ के पास मोहाली के रहने वाले थे।

टिहरी जिलाधिकारी ने बताया कि सिख तीर्थयात्रियों का एक जत्था टेंपो ट्रैवलर में सवार होकर बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब की यात्रा पर जा रहा था। यह जत्था शनिवार सुबह ही ऋषिकेश से बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ था। लेकिन देवप्रयाग के समीप तीन पानी क्षेत्र में शाम छह बजे के पास टेंपो ट्रैवलर पर अचानक पहाड़ी से पत्थर गिर पड़े वह पलट गया। इस हादसे में छह तीर्थयात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए।

इस हादसे की सूचना मिलते ही टिहरी जिला प्रशासन और राज्य आपदा प्रबंधन दल और स्थानीय पुलिस के जवान मौके पर बचाव और राहत कार्य के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने इस हादसे पर गहरा शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने घायलों के बेहतर इलाज के लिए जिला प्रशासन को निर्देश जारी किए हैं।

पटना में भारी वर्षा से हुए जल जमाव के बीच लोगों की मदद के लिए जेसीबी मशीन के साथ निकली नगर पालिका की टीम।

जैश का संदिग्ध आतंकी अंबाला से गिरफ्तार

अंबाला, 28 सितंबर (भाषा)।

आतंकवादी संगठन जैश ए मोहम्मद के एक संदिग्ध आतंकी को यहां अंबाला छावनी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक से गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी।

अंबाला के पुलिस अधीक्षक अभिषेक जोरवाल ने बताया कि आतंकवादी की पहचान जम्मू कश्मीर निवासी मोहम्मद इस्माइल के तौर पर हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस को शुक्रवार शाम को जम्मू कश्मीर सैन्य खुफिया इकाई और पंजाब पुलिस से एक सूचना मिली थी कि जैश ए मोहम्मद का एक संदिग्ध आतंकवादी दिल्ली जा रहे सेब लदे ट्रक से अंबाला से गुजर रहा है।

उन्होंने बताया कि खुफिया सूचना मिलने के बाद पुलिस ने अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक 'नाका' बनाया और आतंकवादी की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने ट्रक को रोका और उन्हें ट्रक में बैठा एक व्यक्ति मिला जो अपनी पहचान का प्रमाण नहीं दे पाया जिसके बाद संदेह उत्पन्न हुआ।

जम्मू-कश्मीर में छह आतंकी ढेर

पेज 1 का बाकी

हुई है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि तीनों शनिवार की सुबह राजमार्ग के पास हुई मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों से भागते हुए मुख्य बाजार स्थित एक मकान में घुस गए थे। वहीं तीनों को मार गिराया गया। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ समाप्त होने के बाद मकान मालिक विजय कुमार और परिवार के अन्य चार को भी सुरक्षित बचा लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि एक नवंबर, 2018 को भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल परिहार और उनके भाई अजीत परिहार तथा नौ अप्रैल, 2019 को आरएसएस पदाधिकारी चंद्रकांत शर्मा और उनके पीएसओ की हत्या करने जैसे कई संवेदनशील हमलों के पीछे ओसामा का ही हाथ रहा है। ओसामा पर कई लाख रुपए का इनाम था। वह किश्तवाड़ जिले में हथियार छीनने के तीन मामलों में भी वांछित था। जम्मू स्थित सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने कहा, 'मुठभेड़ में सभी तीन आतंकवादी मारे गए, सेना का एक जवान शहीद हो गया।' शहीद नायक राजिंदर सिंह राजस्थान में जैसलमेर के रहने वाले थे। यहां मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं। आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुआ है।

उन्होंने बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे दो संदिग्ध लोगों ने बटोटे में एक बस को रोकने का प्रयास किया। वाहन चालक सतर्क था और उसने वाहन नहीं रोका। उसने तुरंत इसकी सूचना पास की सैन्य चौकी को दी। लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद ने कहा कि त्वरित कार्रवाई दल (क्यूआरटी) ने तुरंत कार्रवाई की। आतंकवादियों ने ग्रेनेड फेंका और धारमुंड गांव में सेना के क्यूआरटी पर गोलीबारी की, जिसके बाद संक्षिप्त मुठभेड़ हुई। उसके बाद उन्होंने क्यूआरटी पर हमला कर भागने का प्रयास किया था। लेकिन दल ने उनका पीछा कर उन्हें घेर लिया। बेहद खराब मौसम के बावजूद गहन तलाशी अभियान के बाद मकान में छुपे आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच दोपहर एक बजे फिर से गोलीबारी शुरू हो गई। शाम तक तीनों को मार गिराया गया। रामबन के अलावा जम्मू-कश्मीर के गांदरबल के नारानाद के जंगलों में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आंतकी मारे गए। तीनों में से एक के पाकिस्तानी होने की पुष्टि सैन्य अधिकारियों ने की है। सेना, सीआरपीएफ और एसओजी की संयुक्त टीम ने खुफिया सूचना मिलने के बाद शनिवार तड़के सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इसके अलावा श्रीनगर के नवाकदल में सीआरपीएफ पर ग्रेनेड हमला किया गया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ।

'नब्बे की उम्र में नौ साल की गुड़िया जैसी लता'

पेज 1 का बाकी

को उनके व्यापक अनुभव और उनके मधुर संगीत को लेकर 'स्वर साम्राज्ञी' और 'भारत कोकिला' जैसी कई उपाधियों से विभूषित किया जा चुका है। भारत सरकार ने उन्हें 2001 में दश के सबसे बड़े नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया था। उन्होंने महज 13 साल की उम्र में 1942 में अपने करियर की शुरुआत की थी और अब तक उन्होंने विभिन्न भाषाओं में 25 हजार से अधिक गाने गाए हैं।

राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, 'लता मंगेशकर को उनके 90वें जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें अच्छा स्वास्थ्य, खुशहाली और उत्साह प्रदान करे।' सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने ट्वीट किया, 'मैं भारत की सुनहरी आवाज, स्वर कोकिला और मेरी पसंदीदा भारत रत्न लता मंगेशकर को जन्मदिन की बधाई देता हूं। लता दीदी के मधुर और हृदय को छू लेने वाले स्वर ने हमें तनाव भरी जिदगी में खुशियों के पल दिए हैं। मैं ईश्वर से उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की प्रार्थना करता हूं।'

अमिताभ बच्चन ने भी इस मौके पर एक विशेष वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा, 'लताजी, मैं आपको जन्मदिन की बधाई देता हूं... हम लता मंगेशकर के दौर में पैदा होने वाले सौभाग्यशाली लोग हैं। आठ दशक से आपकी आवाज हमारे लिए दिव्य है।' उन्होंने कहा, 'जब कभी मैं लता जी के गाने सुनता हूं तो मेरे हृदय में उनकी आवाज ऐसे गूंजती है जैसे किसी अन्य भाव की जरूरत ही नहीं रह जाती है। आपने हमें जो कुछ दिया है, हम उसके लिए शब्दों में आभार व्यक्त नहीं कर सकते।' अभिनेता धर्मेंद्र ने भी उनके जन्मदिन पर वीडियो साझा कर कहा, 'लता जी आज 90 वर्ष की हो गईं लेकिन अब भी वह नौ वर्ष की गुड़िया की तरह दिखती हैं। वास्तव में आप बहुत अच्छी हैं। आपने दुनिया में खुशियां बिखेरी हैं। मैं जब भी दुखी होता हूं, आपका गाना 'अगर मुझसे मोहब्बत है, मुझे अपने सब गम दे दो' सुनता हूं। यह काफी सुंदर गाना है। खुश रहें लता जी। आपको मेरा प्यार।' ऑस्कर विजेता संगीतकार ए. आर. रहमान ने ट्वीट किया, 'आपने हमें जो कुछ दिया है, उसके लिए आपके प्रति बड़ा सम्मान एवं प्यार। आपको जन्मदिन की बधाई।'

सीबीएफसी के अध्यक्ष और गीतकार प्रसून जोशी ने ट्वीट किया, 'हम लताजी का 90वां जन्मदिन मना रहे हैं और हम मेधा को परिभाषित करने वाले इस दौर के चश्मदीद हैं। इस बात की हमेशा खुशी रहेगी कि आपने 'लज्जा' के लिए मेरी पहले फिल्मी गाने के लिए अपनी आवाज दी और फिर 'लुका छुपी' एवं 'रंग दे बसंती' के लिए। ईश्वर उन पर कृपा बनाए रखें।' गायिका श्रेया घोषाल ने भी लता मंगेशकर के अच्छे स्वास्थ्य एवं खुशी के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा, ' मेरे जीवन में एक भी दिन आपके गाने को सुने और गाए बिना नहीं बीतता है। आप मेरी गुरु, मेरी बड़ी प्रेरणा रही हैं। संगीत के गौरवशाली दौर में पैदा होने का सौभाग्य मिला।'

ऋषि कपूर ने भी ट्वीट किया, 'आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई। मेरी सबसे प्रिय लता मंगेशकर जी को मेरी शुभकामनाएं। आपके प्रति मेरा सम्मान, प्यार।' अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित नेने ने भी उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

महानायक की घर वापसी

पेज 1 का बाकी

किया और वहां जुटे लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते नजर आए।

विमान से उतरने पर प्रधानमंत्री का स्वागत भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने किया। उनके साथ दिल्ली से भाजपा के सभी सातों सांसद अपने समर्थकों के साथ मौजूद थे। वे सभी स्वागत के लिए विशेषतौर पर केसरिया पगड़ियां पहनकर पहुंचे थे।

हवाई अड्डे पर जुटे लोगों के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका यात्रा से दुनिया भर में भारत का मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क और संयुक्त राष्ट्र में विश्व भर के नेताओं से मिलना हुआ। हर किसी की जुबान पर 'हाउडी मोदी' था। उन्होंने कहा कि मैं 2014 में भी अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र गया था और 2019 में भी गया। फर्क मैंने महसूस किया है। भारत के प्रति दुनिया की नजरों में मान-सम्मान और आदर बढ़ा है। इसका एक प्रमुख कारण 130 करोड़ हिंदुस्तानी हैं, जिन्होंने अधिक मजबूती के साथ दोबारा सरकार बनाई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ह्यूस्टन का 'हाउडी मोदी' समारोह, उसकी विशालता और भव्यता, अमेरिकी राष्ट्रपति का वहां आना, दुनिया को हमारी दोस्ती का अहसास होना- वो तो सब है ही, लेकिन इतने कम समय में अमेरिका के हमारे भारतीय भाई-बहनों ने जिस शक्ति का प्रदर्शन किया, उसकी वाहवाही हर तरफ थी। उन्होंने कहा कि भारत किस तरह दुनिया का दिल जीत सकता है, यह मैंने अपनी आंखों से देखा है, खुद अनुभव किया है। इस अहमियत का एक-एक विराट रूप मैंने इस बार अमेरिका में देखा है।

इमरान का बयान नफरत भरा : भारत

पेज 1 का बाकी

क्र.सं.: 6, **कार्य का नाम:** वार्ड सं. 68एन, कोहाट एन्क्लेव में इंजीनियर एन्क्लेव में मकान सं.35 से 49, म.सं.50 से 54 और म.सं.55 से 66 तक आर.एम.सी. उपलब्ध करवाकर सड़क का सुधार विकास।, **लेखा शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **निविदा राशि:** 45,67,892/-, **अनुमानित लागत:** 49,39,200/-, **धरोहर राशि:** 91,400/-, **पूर्ण करने की अवधि:** 3 महीने, **दरें मान्य रहने की अवधि:** 6 महीने, **निविदा लागत:** 500/-, **एफ.टी.सी. कोड:** 14/66/XL/VIII-S(d)

क्र.सं.: 7, **कार्य का नाम:** वार्ड सं. 68एन, कोहाट एन्क्लेव में हर्ष विहार में मकान सं. 90 से 67 तक आर.एम.सी. उपलब्ध करवाकर सड़क का सुधार विकास।, **लेखा शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **निविदा राशि:** 27,47,510/-, **अनुमानित लागत:** 29,70,900/-, **धरोहर राशि:** 54,950/-, **पूर्ण करने की अवधि:** 3 महीने, **दरें मान्य रहने की अवधि:** 6 महीने, **निविदा लागत:** 500/-, **एफ.टी.सी. कोड:** 14/66/XL/VIII-S(d)

क्र.सं.: 8, **कार्य का नाम:** वार्ड सं. 68एन, कोहाट एन्क्लेव में हर्ष विहार में मकान सं. 25 से 42 तक आर.एम.सी. उपलब्ध करवाकर सड़क का सुधार विकास।, **लेखा शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **निविदा राशि:** 25,26,281/-, **अनुमानित लागत:** 27,31,700/-, **धरोहर राशि:** 50,550/-, **पूर्ण करने की अवधि:** 3 महीने, **दरें मान्य रहने की अवधि:** 6 महीने, **निविदा लागत:** 500/-, **एफ.टी.सी. कोड:** 14/66/XL/VIII-S(d)

क्र.सं.: 9, **कार्य का नाम:** वार्ड सं. 68एन, कोहाट एन्क्लेव में इंजीनियर एन्क्लेव में मकान सं.126 से 137, म.सं. 138 से 141 और म.सं. 150 से 160 तक आर.एम.सी. उपलब्ध करवाकर सड़क का सुधार विकास।, **लेखा शीर्ष:** XL-VIII-S(d), **निविदा राशि:** 42,93,963/-, **अनुमानित लागत:** 46,43,000/-, **धरोहर राशि:** 85,900/-, **पूर्ण करने की अवधि:** 3 महीने, **दरें मान्य रहने की अवधि:** 6 महीने, **निविदा लागत:** 500/-, **एफ.टी.सी. कोड:** 14

खबर कोना

संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार तुलसी गबार्ड।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में गोलीबारी, छह लोगों की मौत

पेशावर, 28 सितंबर (भाषा)।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक यात्री वैन पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। हादसे में छह लोग मारे गए जबकि चार अन्य घायल हैं।

पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने हांगु जिले के जरगारी में एक वाहन को निशाना बनाया। शवों और घायलों को हांगु के जिला अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस को यह मामला पुरानी रंजिश का लगता है। मामले की जांच चल रही है।

फ्रैंकफर्ट स्काईपर पर चढ़ने के बाद फ्रांसीसी 'स्पाइडरमैन' गिरफ्तार

फ्रैंकफर्ट, 28 सितंबर (एएफपी)।

फ्रांस के 'स्पाइडरमैन' कहे जाने वाले एलेन रॉबर्ट को 'स्काईपर' टॉवर पर चढ़ने के बाद शनिवार को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर से गिरफ्तार कर लिया गया। रॉबर्ट पहले भी दुनियाभर में इमारतों पर चढ़ने के कारनामों को अंजाम दे चुके है। राबर्ट (57) बिना किसी अनुमति और सुरक्षा उपकरण के केवल आधे घंटे में 154 मीटर (500 फुट), 42 मंजिला इमारत के शीर्ष पर पहुंच गए।

ट्रंप-पुतिन की बातचीत न की जाए सार्वजनिक : लावरोव

संरा, 28 सितंबर (एएफपी)।

रूस ने अमेरिका से कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन की फोन पर हुई बातचीत को सार्वजनिक न किया जाए। ट्रंप और यूक्रेन के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच हुई बातचीत उजागर करने के बाद खड़े हुए विवाद के मद्देनजर रूस ने अमेरिका से यह आग्रह किया। रूस के विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र में शुक्रवार को पत्रकारों से, 'जहां तक फोन पर हुई बातचीत की लिखित प्रतिलिपि की बात है, मेरी मां ने मुझे सिखाया था कि दूसरे के पत्र पढ़ना बुरी बात है।' उन्होंने कहा, 'यह अशिष्ट है।'

हिंसक माहौल के बीच चुनाव

काबुल, 28 सितंबर (एएफपी)।

अफगानिस्तान में लोगों ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को मतदान में हिस्सा लिया। वहीं कट्टरपंथियों ने देश भर में कई जगहों पर मतदान केंद्रों को लक्ष्य बनाकर विस्फोट किए। देश के कई हिस्सों में हुए विस्फोटों में कम से कम एक व्यक्ति की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए।

प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता अत्ताउल्ला खोगयानी ने बताया कि नंगरहार के पूर्वी प्रांत में जलालाबाद में मतदान केंद्र के पास हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की जान चली गई और अन्य दो घायल हुए हैं। वहीं अस्पताल के निदेशक ने बताया कि दक्षिणी शहर कंधार में मतदान केंद्र में हुए विस्फोट में कम से कम 16 लोग घायल हुए हैं।

चुनाव अभियान के दौरान पिछले दो महीने में कई हमलों को अंजाम दे चुके तालिबान ने कई मतदान केंद्रों को निशाना बनाने का दावा किया है। देश में चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। तालिबान ने लोगों को मतदान नहीं करने की लगातार चेतावनी दी है। चुनाव में राष्ट्रपति अशरफ गनी और देश के मुख्य कार्यकारी अब्दुल्ला अब्दुल्ला के बीच कड़ा मुकाबला है।

अफगानिस्तान में चुनाव

एक व्यक्ति की गई जान जबकि 20 से अधिक घायल।

अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने काबुल में एक स्कूल में मतदान केंद्र में वोट डालने के बाद कहा, 'शांति हमारे लोगों की पहली मांग है। इसका ढांचा तैयार है। मैं चाहता हूं कि लोग मुझे अनुमति और वैधता दें ताकि हम शांति की दिशा में काम कर सकें।'

गनी ने काबुल में एक स्कूल में मतदान केंद्र में वोट डालने के बाद कहा, 'शांति हमारे लोगों की पहली मांग है। इसका ढांचा तैयार है। मैं चाहता हूं कि लोग मुझे अनुमति और वैधता दें ताकि हम शांति की दिशा में काम कर सकें।' अफगानिस्तान में करीब 96 लाख पंजीकृत मतदाता हैं, लेकिन इनमें से कई लोगों ने 18 साल तक चले युद्ध के बाद किसी भी सरकार के यहां हालात बेहतर कर पाने की उम्मीद खो दी है।

चुनाव के नतीजे 19 अक्तूबर तक आने की संभावना है। जीत के लिए किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करने होंगे। ऐसा ना होने पर शीर्ष के दो स्थानों पर रहने वाले उम्मीदवारों के बीच नवंबर में फिर मतदान कराया जाएगा।

टेक्सास में सिख पुलिस अधिकारी की हत्या

ह्यूस्टन, 28 सितंबर (भाषा)।

अमेरिका के टेक्सास राज्य में भारतीय-अमेरिकी सिख पुलिस अधिकारी की ट्रैफिक सिग्नल पर गोली मार कर हत्या कर दी गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने घटना की निंदा की।

संदीप सिंह धालीवाल पर कम से कम दो गोलियां चलाईं गईं।

ह्यूस्टन क्रॉनिकल ने शेरिफ एड गोंजालेज के हवाले से कहा कि संदीप सिंह धालीवाल ने एक वाहन को रोका जिसमें एक महिला और एक पुरुष सवार थे। वाहन में से एक व्यक्ति बाहर निकला और उसने धालीवाल पर कम से कम दो गोलियां चलाईं। धालीवाल इस एजंसी के पहले सिख डिप्टी थे। वे टेक्सास में पहले ऐसे पुलिस अधिकारी थे जो सिख धर्म की मान्यताओं (पगड़ी और दाढ़ी) के साथ सेवा दे रहे थे। सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए धालीवाल को अपने पगड़ी और दाढ़ी के साथ पुलिस में सेवा देने की इजाजत दी गई थी।

संदीप सिंह धालीवाल

टेक्सास में वे पहले ऐसे पुलिस अधिकारी थे जो सिख धर्म की मान्यताओं (पगड़ी और दाढ़ी) के साथ सेवा दे रहे थे।

भारत के साथ अमेरिका के संबंध बहुत अहम : अमेरिकी सांसद

वाशिंगटन, 28 सितंबर (भाषा)।

अमेरिका के एक शीर्ष सांसद ने कहा कि भारत के साथ अमेरिका के संबंध बहुत महत्त्वपूर्ण हैं और इनमें हाल के बरसों के दौरान काफी प्रगति हुई है।

सीनेट की विदेश मामलों की समिति की वरिष्ठ सदस्य सीनेटर बॉब मेनेंदेज ने कहा, 'हमें इन संबंधों को लगातार बढ़ाने की जरूरत है, इनका विस्तार ऐसा हो कि ये दोनों देशों के नेतृत्व के कार्यकाल से भी प्रभावित न हों।' उन्होंने कांग्रेस के सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल के तौर पर भारत की यात्रा के मद्देनजर यह टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, 'भारत के साथ हमारे संबंध बहुत महत्त्वपूर्ण है और इन्होंने हाल के बरसों में काफी प्रगति की है।'

मेनेंदेज ने कहा, 'हमारे व्यापार संबंध बढ़े हैं, हमारे रक्षा संबंध बढ़े हैं और हमारे लोगों के बीच परस्पर सहयोग मजबूत हुआ है।' भारत की अपनी यात्रा के दौरान मेनेंदेज सिविल सोसायटी, सुरक्षा और सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

सीनेट की विदेश मामलों की समिति की वरिष्ठ सदस्य सीनेटर बॉब मेनेंदेज ने कहा, 'हमें इन संबंधों को लगातार बढ़ाने की जरूरत है, इनका विस्तार ऐसा हो कि ये दोनों देशों के नेतृत्व के कार्यकाल से भी प्रभावित न हों।'

वह महात्मा गांधी की 150वीं जयंती समारोह तथा मुंबई में 2008 के आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लेंगे और स्वच्छ ऊर्जा भागीदारों से मुलाकात के दौरान जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने पर चर्चा करेंगे।

लंदन में महात्मा गांधी की जयंती पर कई कार्यक्रम

लंदन, 28 सितंबर (भाषा)।

मोहनदास करमचंद गांधी अपने 19वें जन्मदिन से पहले कानून की पढ़ाई करने के लिए इंग्लैंड पहुंचे थे और ऐसा कहा जाता है कि वह जल्द ही लंदन की जिंदगी में पूरी तरह से ढल गए थे।

इंग्लैड की राजधानी लंदन में कई स्थानों का रिश्ता महात्मा गांधी से है और भारतीय उच्चायोग इन्हीं स्थानों का इस्तेमाल गांधी की 150 जयंती का उत्सव मनाने के लिए कर रही है।

सिंगापुर के प्रधानमंत्री बोले- 'गांधी का दर्शन दुनिया में एक विवेकपूर्ण सलाह'

ली सियन लूंग संयुक्त राष्ट्र में प्रधानमंत्री मोदी से मिले और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। ली ने कहा, 'यदि हम गांधी के संदेशों को अपने हृदय से जोड़ते हैं तो हमें मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का प्रयास करना चाहिए।'

प्रमुख ब्रिटिश-भारतीय शिक्षाविद् लॉर्ड मेघनाद देसाई ने कहा, 'मोहनदास गांधी को लंदन बहुत पसंद आया था। वह अपने 19वें जन्मदिन से ठीक पहले यहां पहुंचे थे। वह पोरबंदर के सकुचाए से युवक थे और लंदन की जीवनशैली को अपना लेने को बेकरार थे।' देसाई ब्रितानी भारतीय शिक्षक हैं और उन्होंने हाल ही में महात्मा गांधी के नाम से कई छात्रवृतियां शुरू की हैं। वे गांधी स्टैच्यू मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं।

बलूचिस्तान में विस्फोट में जमीयत के वरिष्ठ नेता की मौत

कराची, 28 सितंबर (भाषा)।

देश के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को सड़क किनारे हुए एक बम धमाके में एक वरिष्ठ पाकिस्तानी नेता समेत तीन अन्य की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। पाकिस्तानी अखबार 'डान' की खबर के मुताबिक यह घटना किला अब्दुल्ला जिले के चमन इलाके में हुई जब सड़क किनारे खड़ी एक मोटरसाइकिल पर लगाए गए बम में विस्फोट हुआ।

इस धमाके में तीन लोगों की मौत हो गई जिनमें जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (फजल) के केंद्रीय नेता मौलाना मुहम्मद हनीफ भी शामिल थे।

ट्रंप-पोर्न स्टार विवाद

पोर्न स्टार ने गिरफ्तारी मामले में समझौता किया

वाशिंगटन, 28 सितंबर (एएफपी)।

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने से पहले उनके साथ संबंधों का दावा करने वाली पोर्नस्टार स्टॉर्मी डेनियल्स ने अपनी गिरफ्तारी को लेकर ओहायो के कोलंबस शहर के साथ 4,50,000 अमेरिकी डॉलर (तीन करोड़ रुपए से अधिक) में कानूनी समझौता कर लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

डेनियल्स का असली नाम स्टेफनी क्लिफोर्ड है। उन्हें यौन दुर्व्यवहार के आरोपों के चलते 2018 में रिसेन्स जेंटलमैन क्लब से गिरफ्तार किया गया था। डेनियल्स ने जनवरी में दायर मामले में आरोप लगाया था कि उनकी गिरफ्तारी राजनीतिक रूप से प्रेरित है। उन्होंने अपने नागरिक अधिकारों का उल्लंघन कर झूठी गिरफ्तारी और कैद में रखे जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर कराया था।

डेनियल्स को यौन दुर्व्यवहार के आरोपों के चलते 2018 में गिरफ्तार किया गया था।

डेनियल्स ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर (14 करोड़ रुपए से अधिक) का मुकदमा किया था, लेकिन शुक्रवार को उसकी लगभग चौथाई राशि पर समझौता कर लिया। पोर्न स्टार ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने वास्तव में पैसों के लिए नहीं बल्कि जागरुकता लाने के लिए ऐसा किया।

सूचना

प्रारूप संख्या आईएनसी -INC-25 क
क्षेत्रीय निदेशक, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के समक्ष (उत्तरी क्षेत्र)

कम्पनी अधिनियम 2013, कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 14 और कम्पनी (निगमन) नियम 2014 नियम 41 के मामले में।

और

मैसर्स श्रेयोस फिल्म लिमिटेड जिसका रजिस्टीकृत कार्यालय बी-34, प्रथम तल, खसरा -185, पर्यावरण कॉम्प्लेक्स नई दिल्ली-110074 में स्थित है के मामले में।

आवेदक

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि कम्पनी को ऐसे संपरिवर्तन का अधिकार देने के लिए तारिख 25.02.2019 को आयोजित विशेष आम अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प की शर्तों के अनुसार प्राईवेट लिमिटेड कंपनी में संपरिवर्तन करने की इच्छा रखने वाली कंपनी ने पूर्वोक्त नियमों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के अधीन आवेदन किया है। कंपनी के प्रस्तावित परिवर्तन / स्थिति के कारण यदि किसी व्यक्ति के हित पर प्रभाव पडने की संभावना है तो वह व्यक्ति के हित पर प्रभाव पडने की संभावना है तो वह व्यक्ति इस सुचना के प्रकाशन की तारिख से चौदह दिन के भीतर निम्नलिखित पते पर आवेदक कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय को भेजी गई प्रति सहित किसी हलफनामे द्वारा अपनी आपत्ति भेज सकता है या किसी के माध्यम से भिजवा सकता है या रजिस्ट्रीकृत पोस्ट द्वारा भेज सकता है जिसमें संबंधित क्षेत्रीय निदेशक बी-2 विंग, द्वितीय तल, पं दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 को उसके हित और आपत्ति के आधार की प्रकृति का उल्लेख किया जाएगा।

आवेदक के लिए या उसकी ओर से

करुना एम चौहान (प्रबन्धक)
डीआईएन : 01483151
मैसर्स श्रेयोस फिल्म लिमिटेड जिसका
रजिस्टीकृत कार्यालय: बी -34, प्रथम तल,
खसरा -185, पर्यावरण कॉम्प्लेक्स नई दिल्ली-110074

Form No. INC-19
Notice
[Pursuant to rule 22 the Companies (Incorporation) Rules, 2014]

1. Notice is hereby given that in pursuance of sub-section (4)(ii) of Section 8 of Companies Act, 2013 read with Rule 21 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014, an application has been made to the Regional Director at New Delhi for the conversion of Panos Institute (India) a Section 8 Company having CIN: U82310DL2003NPL119917 for its conversion into a Private Limited Company with the addition of the words "Private Limited" to its name.
2. The principal objects of the company were as follows:
   a) To carry out social and economic welfare activities with a view to relieve poverty, sickness and advance the education of the public in environmental planning, public health, demography, natural resources, food stuffs and other necessities of life and the causes and consequences of environmental pollution.
   b) To stimulate public debate and to create a platform or forum for different perspectives and voices to be heard of the poor and marginalized and to promote all activities for cultural, social and physical upliftment of general public and to promote and carry on programme of social and economic welfare of the general public.
3. A copy of the memorandum and articles of the company may be seen at 15-F, Pocket 3, Mayur Vihar Phase-I, New Delhi-110091.
4. Notice is hereby given that any person, firm, company, corporation or body corporate, objecting to this application may communicate such objection to the Regional Director, Ministry of Corporate Affairs, at B-2 Wing, 2nd Floor, Paryavaran Bhawan, CGO Complex, New Delhi-110003 within sixty days from the date of publication of this notice, by a letter addressed to the Regional Director, a copy of which shall be forwarded to the Applicants at 15-F, Pocket 3, Mayur Vihar Phase-I, New Delhi-110091.

Dated this **27th Day of September, 2019.**

Name(s) of Applicant:-
1. Panos Institute (India)
2. Panneerselvan Sundaramurthy
3. Urvashi Butalia

TIGER LOGISTICS (INDIA) LIMITED
CIN-L74899DL2000PLC105817
Regd. & Corporate Office: D-174, Ground Floor, Okhla Industrial Area, Phase-1, New Delhi- 110020.
Tel.: 011-47351111 **Fax.:** 011-2622 9671
Website: www.tigerlogistics.in, **Email.:** tlogs@tigerlogistics.in

RESULT OF ELECTRONIC VOTING, BALLOT FORMS AND POLL AT THE ANNUAL GENERAL MEETING OF COMPANY HELD ON 27TH SEPTEMBER, 2019 AT 1:00 P.M.

The resolutions for the ordinary/Special businesses as set out in item no.1 to 04 in the Notice of the 19th Annual General Meeting, duly approved by the members with requisite majority, are recorded hereunder as part of the proceedings of 19th Annual General Meeting of the Members.

Essential Details of Voting Result of 19th AGM.

Sr. No.	Particulars	Details
1	Date of AGM	27.09.2019
2	Number of Shareholder as on record date	6542
3	No. of shareholders present in the meeting either in person or through proxy-	82
	Promoters & Promoter Group:	6
	Public:	76

Further shareholders are requested to refer www.tigerlogistics.in to get more details about result of 19th AGM.

By the Order of board of directors
For Tiger Logistics (India) Limited
Sd/-
Vishal Saurav Gupta
Company Secretary & compliance officer

Place: New Delhi
Date: 27.09.2019

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
शाखा: आस्ति वसूली शाखा, पंजाब एन्ड सिंध बैंक,
21, बैंक हाउस, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली, फो.: 011-25789590

[परिशिष्ट-IV-ए]

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के साठ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतदद्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारक (कों) तथा गारन्टर(रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर के पास गिरवी/चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका पंजाब एंड सिंध बैंक, प्रतिभूत क्रेडीटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा किया गया है, की मै. अरुण देव बिल्डर्स लि. तथा श्री मनोज भारद्वाज, श्री रमेश चंद शर्मा, श्री पवन कुमार शर्मा, श्री परवीण भारद्वाज, श्रीमती नीना भारद्वाज, मै. पारस जैन प्रॉडक्शन प्रा. लि. से प्रतिभूत क्रेडीटर पंजाब एंड सिंध बैंक के बकाये 14.01.2015 को रु. 7,24,29,193.86 (रुपये सात करोड़ चौबीस लाख उन्नतीस हजार एक सौ तिड़ानवे पैसे छियासी मात्र) के साथ उस पर आगे के ब्याज, लागत, खर्चे की वसूली के लिये 14.11.2019 को "जैसा है जहां है", "जैसा है जो भी है" तथा "जो कुछ भी वहां है" आधार पर बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य रु. 9.11 करोड़ तथा धरोहर राशि भुगतान रु. 91.10 लाख होगी।

सम्पत्ति का विवरण

ग्राम दहियाकी, परगणा, मैग्लौर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार में इंडस्ट्रियल जोन में स्थित खाता नं. 5, खसरा नं. 9, एरिया 0.8290 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 79, एरिया माप 2.3920 हेक्टेयर में से औद्योगिक सम्पत्ति/भूमि जिसके क्षेत्रफल की माप 32210 वर्ग मी. है।

ज्ञात अधिभारः कुछ नहीं

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया अधोलिखित लिंक देखें:
1. https://www.bankeauctions.com.
2. https://www.psbindia.com.

तिथि: 26.09.2019 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: नई दिल्ली — पंजाब एंड सिंध बैंक

RATHI GRAPHIC TECHNOLOGIES LIMITED
Regd. Office: D-12 A, Sector - 9, New Vijay Nagar, Ghaziabad, U.P.- 201009
Corporate and Marketing Office:- 24/1A, Mohan Co-Operative Industrial Estate, Mathura Road New-Delhi, 110 044
CIN: L26960UP1991PLC013770, Ph. No. 011-45002400
Website: www.rathitoner.com, E-mail id: investor@rathitoner.com

Extract of audited Financial Results for the quarter and Year ended 31st March, 2019

(Rs. in Lacs)

Sl. No.	Particulars	Quarter ended			Year Ended	
		March 31, 2019 (audited)	December 31, 2018 (Unaudited)	March 31, 2018 (audited)	March 31, 2019 (audited)	March 31, 2018 (audited)
1	Total income from operations	133.96	86.41	161.63	515.80	1,867.95
2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional and /or Extraordinary items)	(24.75)	(43.24)	(543.60)	(322.29)	(733.01)
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	(904.32)	(43.24)	(542.99)	(1,201.86)	(732.40)
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	(1,002.62)	(43.24)	(542.99)	(1,300.16)	(732.40)
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising profit / (loss) for the period (after tax) and other comprehensive Income (after tax)]	(1,002.62)	(43.24)	(542.99)	(1,300.16)	(732.40)
6	Equity Share Capital	1,643.90	1,643.90	1,643.90	1,643.90	1,643.90
7	Reserves (excluding revaluation reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year)				(110.77)	1,189.40
8	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) for the period					
	Basic : (Rs.)	(6.10)	(0.26)	(3.30)	(7.91)	(4.46)
	Diluted: (Rs.)	(6.10)	(0.26)	(3.30)	(7.91)	(4.46)

Notes:
1. The above audited financial results were reviewed by the audit committee and approved by Board of Directors of the Company at their meeting held on 28.09.2019
2. The above is an extract of the detailed format of Statement of Standalone audited Financial Results for the quarter and year ended on 31st March,2019 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Statement of standalone audited Financial Results are available on the Company's website (www.rathitoner.com) and on the websites of the BSE Limited (www.bseindia.com).
3. These financial results have not been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting standards) Rules, 2015 (IND AS) prescribed under section 133 of the companies Act, 2013.
4. The figures for the quarter ended March 31, 2019 are the balancing figures between the audited figures in respect of the full financial year and the year to date figures upto the period ended December 31, 2018
5. The figures of previous period have been regrouped/reclassified wherever necessary to make them comparebale with those of the current period.

For and on behalf of the Board
Sd/-
Raj Kumar Rathi
Managing Director
DIN: 00009569

Place: New Delhi
Date: 28.09.2019

प्रपत्र – 'जी'
अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए (1) के अधीन

प्रासंगिक विवरण

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	इंटेलिसिटी बिजनेस पार्क प्राइवेट लिमिटेड
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	09/11/2012
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित / पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या / सीमित दायित्व पहचान संख्या	U45400DL2012PTC244744
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	एम –167, विकासपुरी, सिंडिकेट बैंक के पास, नई दिल्ली –110018
6.	कार्पोरेट देनदार की ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि	13/06/2019 (ऑर्डर दिनांक 27.05.2019 को माननीय एनसीएलटी द्वारा 13/06/2019 को प्राप्त किया गया)
7.	अभिरूचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि	29/09/2019
8.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता :	कृपया आईबीबीआई की वेबसाइट https://www.ibbi.gov.in/webfront/legal_framework.php पर जाए और www.intellicitycirp.com पर भी उपलब्ध है। विवरण ईमेल intellicitycirp@gmail.com पर भी प्रदान किया जा सकता है।
9.	धारा 29ए के अधीन लागू अग्राह्यता के मानदंड :	जैसा कि ऊपर क्रमांक 8 में दिया गया है
10.	अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	13/10/2019
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि	23/10/2019
12.	अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	28/10/2019
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	07/11/2019
14.	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि	28/10/2019
15.	समाधान योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना हेतु अनुरोध प्राप्त करने की विधि	केवल ऐसे आवेदक जो पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं (ऊपर क्रम संख्या 8 के अनुसार) संकल्प योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स और सूचना ज्ञापन के लिए इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म के माध्यम से अनुरोध पहुंच प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए आवेदक, ईमेल द्वारा समाधान पेशेवर को ईमेल कर सकते हैं: intellicitycirp@gmail.com
16.	समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	27/11/2019
17.	समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि	संभावित समाधान आवेदक अंतिम सूची में समाधान योजना या योजनाओं को, जो की समाधान पेशेवर के कोड के अनुसार तैयार की गई हों, इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में और क्रम संख्या 21 में उल्लिखित पते पर सीलबंद लिफाफे में भेज सकते है। समाधान योजना में आगे के विवरण प्रदान किए जाएंगे।
18.	निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि	15/12/2019
19.	समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर	सर्वेश कश्यप पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-002/IP-N00127/2017-2018/10296
20.	समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई-मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है	सर्वेश कश्यप दुकान नंबर – 7, डीडीए मार्केट, ई-ब्लॉक, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली –110065 ईमेल: sarvesh_dam@yahoo.com
21.	पता और ई-मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है	101, निपुन प्लाजा, सेक्टर –1, (मैक्स अस्पताल के पास) वैशाली, गाजियाबाद–201010 ईमेल: intellicitycirp@gmail.com
22.	अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है	जैसा कि ऊपर क्रमांक 21 में उल्लेख किया गया है
23.	प्रपत्र 'जी' के प्रकाशन की तिथि	29/09/2019

हस्ता/–
सर्वेश कश्यप
समाधान पेशेवर
इंटेलिसिटी बिजनेस पार्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए
पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-002/IP-N00127/2017-2018/10296
दुकान नंबर – 7, डीडीए मार्केट, ई-ब्लॉक, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली –110065

तिथि : 29/09/2019
स्थान : नई दिल्ली

केनरा बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) **Canara Bank** (A Govt. of India Undertaking)
मिड कॉर्पोरेट शाखा, 8 ए, प्रथम तल, नेहरू ग्राउण्ड, एनआईटी फरीदाबाद-121001 (हरि.)

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये)

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 (2002 के अधिनियम 54) के अंतर्गत केनरा बैंक मिड कॉर्पोरेट शाखा, 8 ए, प्रथम तल, नेहरू ग्राउण्ड, एनआईटी फरीदाबाद-121001 (हरि.) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 9 जुलाई, 2019 जारी कर ऋणधारक मै. डीईई ईएसएस बुहिन प्रा. लि. प्रतिनिधित्व द्वारा उसके निदेशकों श्री राकेश जुनेजा तथा श्री राहुल जुनेजा को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि आगे के ब्याज एवं लागतों के साथ रु. 12,15,15, 250.67 (रुपये बारह करोड़ पन्द्रह लाख पन्द्रह हजार दो सौ पचास एवं पैसे सड़सठ मात्र) वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक (कों)/गारन्टर (रों) इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक (कों) गारन्टर (रों) तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 27 सितम्बर, 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया है।

ऋणधारक/गारन्टर का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन संपत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय मांग सूचना तिथि 9 जुलाई, 2019 के अनुसार आगे के ब्याज एवं लागतों के साथ रु. 12,15,15, 250.67 (रुपये बारह करोड़ पन्द्रह लाख पन्द्रह हजार दो सौ पचास एवं पैसे सड़सठ मात्र) की राशि के लिये केनरा बैंक, मिड कॉर्पोरेट शाखा, 8ए, प्रथम तल, नेहरू ग्राउण्ड, एनआईटी, फरीदाबाद-121001 (हरि.) के चार्ज के अधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

निदेशकों श्री राकेश जुनेजा तथा श्री राहुल जुनेजा के पार्टनरशिप फर्म-मै. एग्रो इक्विपमेन्ट्स (इंडिया) के नाम में स्थित प्लॉट नं. 88, इंडस्ट्रियल एरिया,बाटा चौक के निकट, फरीदाबाद से शामिल सम्पत्ति, माप 2444.44 वर्ग यार्ड्स का सभी भाग तथा हिस्सा।

परिसर की चौहद्दी इस प्रकार है:

पूर्व: सम्पत्ति सं. 87, **पश्चिम:** सम्पत्ति सं. 89 **उत्तर:** रोड, **दक्षिण:** अन्य सम्पत्ति

तिथि: 29.09.2019, **स्थान:** फरीदाबाद — **प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक**

epaper.j

खबर कोना

दक्षिण कोरिया में कोरिया ओपन के दौरान इंडोनेशिया के अपने प्रतिद्वंदी के खिलाफ शॉट मारतीं सपसीरी तायरट्टनाचाई ।

खिलाड़ियों के अतिरिक्त खर्च के लिए 7.87 करोड़ रुपए दिए गए

नई दिल्ली, 28 सितंबर (भाषा)।

खेल मंत्रालय ने खेलो इंडिया की 99 अकादमियों और देश भर के अन्य केंद्रों में प्रशिक्षण ले रहे खेलो इंडिया के 2625 खिलाड़ियों के अतिरिक्त खर्च के लिए 7.87 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इन खिलाड़ियों को खेलो इंडिया प्रतिभा विकास कार्यक्रम के तहत विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण के लिए चुना गया है। सरकार ने यह कार्यक्रम निचले स्तर पर प्रतिभा की पहचान करने और उसे निखारने के लिए चलाया है। यह धनराशि इस साल अक्तूबर से दिसंबर तक के लिए मंजूर की गई है तथा प्रत्येक खिलाड़ी को एक महीने में 10,000 रुपए की धनराशि दी जाएगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि खेलो इंडिया अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे प्रत्येक खिलाड़ी को वार्षिक छात्रवृत्ति के तौर पर पांच लाख रुपये दिए जाते हैं जिसमें एक लाख 20 हजार रुपए की धनराशि सीधे खिलाड़ी के खाते में जाती है।

संधू नौंवे स्थान पर, गंगजी खिसके

कोबे (जापान), 28 सितंबर (भाषा)।

भारतीय गोल्फर अजीतेश संधू ने पैनासोनिक ओपन के तीसरे दौर में इवन पार 71 का कार्ड खेला जिससे उनके शीर्ष 10 में रहने की उम्मीद हैं। हालांकि बीती रात शीर्ष पर चल रहे और गत चैंपियन राहिल गंगजी पांच ओवर 76 के कार्ड से नीचे खिसक गए। संधू दो दौर के बाद संयुक्त छठे स्थान पर चल रहे थे और अब वह सात अंडर 206 के कुल स्कोर से संयुक्त नौंवे स्थान पर पहुंच गए हैं। गंगजी का कुल स्कोर चार अंडर 209 है जिससे वह संयुक्त 32वें स्थान पर खिसक गए। कट हासिल करने वाले तीसरे भारतीय विराज मदप्पा ने एक अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर एक अंडर 212 है और वह संयुक्त 56वें स्थान पर चल रहे हैं।

सेफवे ओपन में लाहिड़ी कट से चूके

सैन फ्रांसिस्को, 28 सितंबर (भाषा)।

भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी सेफवे ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के दूसरे दौर के अंतिम तीन होल में दो बर्डी करने के बावजूद कट में प्रवेश करने से चूक गए। लाहिड़ी ने इस सत्र में तीन शुरुआत में से केवल एक में ही कट हासिल किया है। उन्होंने पहले दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला था। लेकिन दूसरे दौर में इवन पार 72 के कार्ड से वह महज एक शॉट से कट से चूक गए।

महिलाओं की फर्राटा दौड़ में दुती पहले दौर में ही बाहर

दोहा, 28 सितंबर (भाषा)।

भारतीय फर्राटा धाविका दुती चंद का विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अभियान निराशाजनक रहा। वह शनिवार को महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में इस सत्र का सबसे खराब समय 11.48 सेकेंड निकालकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

पुरुषों के 400 मीटर बाधा दौड़ में एमपी जाबिर सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सके। दुती हीट नंबर तीन में सातवें और 47 प्रतिभागियों के बीच 37वें स्थान पर रहीं और इस तरह से चैंपियनशिप से बाहर हो गईं।

जाबिर हीट नंबर तीन में सबसे बाहरी लेन में दौड़ते हुए 49.71 सेकेंड के साथ पांचवें और कुल 16वें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के तीनों हीट के शीर्ष दो खिलाड़ियों ने फाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई किया। इन छह खिलाड़ियों के बाद सबसे तेजी से हीट पूरा करने वाले दो खिलाड़ियों को भी फाइनल का टिकट मिला।

मौजूदा विश्व चैंपियन कार्स्टेन वारहोल्म ने 48.28 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। महिलाओं के 100 मीटर ओलंपिक 2012 की चैंपियन जमैका की शैली एन फ्रेजर प्रीस ने 10.80 सेकेंड और पिछली बार की रजत पदक विजेता आइवरी कोस्ट की मेरी जोस ता लु ने 10.85 सेकेंड का समय निकाला जिससे पता चलता है कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से भारतीय कितने पीछे हैं।

दुती चंद महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में इस सत्र का सबसे खराब समय 11.48 सेकेंड निकालकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में एमपी जाबिर सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सके।

दुती की हीट में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन एलेनी थाम्पसन (11.14 सेकेंड) पहले स्थान पर रहीं। सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली अंतिम क्वालीफायर का समय 11.31 सेकेंड था और दुती इसे हासिल कर सकती थी लेकिन वह इससे काफी पीछे रही।

अभ्यास मैच में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज रोहित

विजयनगरम, 28 सितंबर (भाषा)।

एक दिवसीय मैचों में भारतीय टीम के नियमित सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में शनिवार को ओपनर के तौर पर विफल रहे। हालांकि प्रियांक पांचाल और कोना भरत ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। कप्तान रोहित के खराब प्रदर्शन के बाद भी बोर्ड एकादश ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के तीसरे तीन खेल खत्म होने से पहले 64 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन बनाए। इसके बाद बारिश से प्रभावित यह तीन दिवसीय मैच ड्रॉ घोषित कर दिया गया।

इससे पहले दिन की शुरुआत चार विकेट पर 199 रन से करने वाले दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 279 रन पर पारी घोषित कर दी। उसके लिए तेंदा बावुमा ने नाबाद 87 रन की पारी खेली। मैच के दूसरे दिन सलामी बल्लेबाज ऐडन मार्कराम ने शतक लगाया था। रोहित को दो अक्तूबर से शुरू होने वाली टैस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में सलामी बल्लेबाज के तौर पर चुना गया है। लेकिन बोर्ड एकादश के लिए पारी की अगाज करने पहुंचे रोहित दो गेंद तक ही क्रीज पर टिक सके। वर्नोन फिलैंडर की गेंद पर वह स्थानापन्न खिलाड़ी हेनरीच क्लासेन को कैच थमा बैठे।

राष्ट्रीय चयन समिति और टीम प्रबंधन ने रोहित के स्ट्रोक्स खेलने की काबिलियत को देखते हुए उन्हें सलामी बल्लेबाज के तौर पर आगे बढ़ाने का फैसला किया है। ऐसे में अगले कुछ टैस्ट इस 32 साल के कलात्मक बल्लेबाज के लिए अहम साबित होंगे। सफेद गेंद के प्रारूप में आधुनिक समय के महान खिलाड़ियों में से एक रोहित का 27 टैस्ट मैचों में औसत 39.62 का है जिसमें तीन शतक शामिल हैं।

टैस्ट उप कप्तान अजिंक्य रहाणे और तेजी से आगे बढ़ रहे हनुमा विहारी ने वेस्ट इंडीज में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते मध्यक्रम का अपना स्थान मजबूत किया है। इससे रोहित के लिए बचा हुआ एकमात्र विकल्प शीर्ष स्थान पर बल्लेबाजी करना था। भारतीय टीम के दूसरे सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल भी बोर्ड एकदश के लिए बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। उन्होंने अच्छी शुरुआत की लेकिन स्पिनर केशव महाराज की गेंद पर फिलैंडर को कैच थमा बैठे। उन्होंने 92 गेंद में छह चौकों की मदद से 39 रन बनाए।

प्रियांक पांचाल ने 60 रन की पारी खेलकर भारतीय मध्यक्रम को संभाला लेकिन उनके आउट होने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी की कोशिश में लगे करुण नायर (19) भी पवेलियन लौट गए। इससे टीम को 136 रन पर पांचवा झटका लगा।

दक्षिण अफ्रीका-बोर्ड एकादश के बीच मैच ड्रॉ

राष्ट्रीय चयन समिति और टीम प्रबंधन ने रोहित के स्ट्रोक्स खेलने की काबिलियत को देखते हुए उन्हें सलामी बल्लेबाज के तौर पर आगे बढ़ाने का फैसला किया है।

अगले कुछ टैस्ट इस 32 साल के कलात्मक बल्लेबाज के लिए अहम साबित होंगे। उन्हें इस प्रारूप में शानदार प्रदशन से खुद को साबित करना होगा।

सफेद गेंद के प्रारूप में रोहित का 27 टैस्ट मैचों में औसत 39.62 का है जिसमें तीन शतक शामिल हैं।

सेमी फाइनल में मोमोता से हारे कश्यप

इंचियोन, 28 सितंबर (भाषा)।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पारूपल्ली कश्यप का कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में शानदार सफर शनिवार को सेमी फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी केंटो मोमोता से हारकर समाप्त हो गया। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर रह चुके कश्यप टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय बचे थे। उन्हें 40 मिनट तक चले मुकाबले में दो बार के मौजूदा विश्व चैंपियन मोमोता से 13-21, 15-21 से शिकस्त का मुंह देखना पड़ा।

2014 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदकधारी कश्यप चार साल पहले इंडोनेशिया ओपन में मोमोता से खेले थे और शनिवार को हुए इस मैच से पहले उनका जापानी खिलाड़ी के खिलाफ रिकार्ड 0-2 का था। हैदराबाद के 33 साल के खिलाड़ी कश्यप इस साल कनाडा ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। लेकिन इस मुकाबले में कश्यप के पास मोमोता के तेज तर्रार शॉट का कोई जवाब नहीं था और जापानी खिलाड़ी ने 9-5 की बढ़त बना ली थी।

भारतीय खिलाड़ी ने एक अच्छे रिटर्न और फिर स्मैश से दो अंक जुटाए लेकिन जापानी खिलाड़ी ने लंबी रैली के बाद ब्रेक तक 4-0 की बढ़त बना ली थी। कश्यप ने लंबी रैलियों में कई बार लंबे और दूर तक शॉट लगाए और यही चीज मोमोता के पक्ष में रही जिन्होंने अंक जुटाना जारी रखा और 18-10 से आगे हो गए।

जापानी खिलाड़ी की गलतियों से कश्यप ने दो अंक और जुटा लिए लेकिन इस बीच भारतीय खिलाड़ी ने भी गलतियां की जिससे मोमोता ने आसानी से बढ़त 20-13 कर दी। फिर दोबारा से कश्यप ने बाहर शॉट लगाया और पहला गेम मोमोता ने अपने नाम किया। दूसरे गेम में रैलियां तेज हो गईं और मोमोता ने कोण लेते रिटर्न से अंक जुटाते हुए 7-2 से बढ़त बना ली जिसमें कश्यप कई बार चूके।

कश्यप ने धीरे-धीरे दबाव बनाना शुरू किया और लगातार पांच अंक बना लिए लेकिन जापानी खिलाड़ी ब्रेक तक 11-7 से आगे बना रहा। भारतीय खिलाड़ी ने मोमोता के फोरहैंड पर दो स्मैश लगाकर बढ़त कम कर दी। एक बेहतरीन नेट स्ट्रोक से कश्यप 12-12 की बराबरी पर आ गए लेकिन फिर वह लंबा शॉट लगा बैठे जिससे मोमोता फिर आगे हो गए।

कोरिया ओपन

40 मिनट तक चले मुकाबले में दो बार के मौजूदा विश्व चैंपियन मोमोता से 13-21, 15-21 से शिकस्त का मुंह देखना पड़ा।

पीठ में समस्या के बावजूद चीन ओपन में खेलेंगी हालेप

बेजिंग, 28 सितंबर (एएफपी)।

पीठ दर्द के कारण वुहान ओपन से हटने वाली विंबलडन चैंपियन सिमोना हालेप ने शनिवार को कहा कि वह यहां खेले जाने वाले चीन ओपन में भाग लेंगी। रोमानिया की 28 साल की यह खिलाड़ी अगर पूरी तरह से फिट हुई तो चीन ओपन खिताब को जीतने की प्रबल दावेदार होंगी। घुटने में दर्द के कारण सेरेना विलियम्स पहले ही टूर्नामेंट से नाम वापस ले चुकी हैं।

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी हालेप बुधवार को वुहान में प्रतियोगिता के तीसरे दौर से बाहर हो गईं, उन्होंने कहा था कि उनकी पीठ के निचले हिस्से में मांसपेशियों की समस्या है। हालेप ने कहा कि पीठ दर्द में अब सुधार है। मैं पहले से बेहतर हो रहीं हूं और हर दिन मेरा इलाज चल रहा है।

पहले दौर में क्वालीफायर खिलाड़ी से भिड़ने की तैयारी कर रही हालेप ने कहा कि मैं दो दिन तक कोर्ट से दूर रही और आज मैंने अभ्यास किया। मुझे लगता है मैं खेल पाऊंगीं। उन्होंने कहा कि यह दर्द कब बढ़ जाए इस बारे में मुझे भी नहीं पता। मैं 2008 से इस परेशानी से जूझ रहीं हूं।

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी हालेप बुधवार को वुहान में प्रतियोगिता के तीसरे दौर से बाहर हो गईं

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्पेन को 6-1 से रौंदा

एंटवर्प (बेल्जियम), 28 सितंबर (भाषा)।

भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को दूसरे मैच में विश्व में आठवें नंबर के स्पेन को 6-1 से करारी शिकस्त दी। विश्व में पांचवें नंबर की भारतीय टीम की तरफ से हरमनप्रीत ने 28वें और 32वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा मनप्रीत सिंह (24), नीलकंठ शर्मा (39), मनदीप सिंह (56) और रूपिंदरपाल सिंह (59) ने एक एक गोल किया।

भारत ने मैच में आक्रामक शुरुआत की और लगातार हमले करके स्पेन की रक्षापंक्ति को व्यस्त रखा। इसके बावजूद भारतीय टीम पहले कवार्टर में गोल करने या पेनल्टी कार्नर हासिल नहीं कर पाई। मैच का पहला पेनल्टी कार्नर पहले क्वार्टर के आखिरी क्षणों में स्पेन को मिला था लेकिन गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने भारत पर आया खतरा टाल दिया था। भारत ने दूसरे क्वार्टर में अच्छे प्रयास किए लेकिन स्पेन के गोलकीपर क्विको कोर्टेस ने अच्छे बचाव किए। आखिर में 24वें मिनट में कप्तान मनप्रीत सिंह गोल करने में सफल रहे। चार मिनट बाद हरमनप्रीत ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर बढ़त दोगुनी कर दी। स्पेन ने हालांकि जवाबी हमला किया और मध्यांतर से पहले गोल दागकर स्कोर 2-1 कर दिया।

तीसरे क्वार्टर के शुरू से ही भारतीय टीम आक्रामक हो गई। भारत को तुरंत ही पेनल्टी कार्नर मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदला। मिडफील्डर नीलकंठ शर्मा ने 39 मिनट में बेहतरीन गोल दागकर तीसरे क्वार्टर की समाप्ति तक स्कोर 4-1 कर दिया।

भारत ने आखिरी क्वार्टर में भी मैच पर नियंत्रण रखा और स्पेन को कोई मौका नहीं दिया। पूरे खेल के दौरान भारत आक्रमण करता रहा। मनदीप ने 56वें मिनट में टीम की तरफ से पांचवां गोल किया जबकि रूपिदरपाल सिंह ने आखिरी क्षणों में पेनल्टी कार्नर को गोल में तब्दील किया। बेल्जियम दौरे के तीसरे मैच में भारतीय टीम रविवार को फिर से स्पेन से भिड़ेगी।

हॉकी

गुरजीत के गोल से महिला हॉकी टीम जीती

मारलो (ब्रिटेन), 28 सितंबर (भाषा)।

गुरजीत कौर के अंतिम मिनट में किए गए गोल से भारतीय महिला हॉकी टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती रोमांचक मुकाबले में ब्रिटेन को 2-1 से शिकस्त दी। भारतीय टीम ने 0-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शर्मिला देवी और गुरजीत के गोल से जीत हासिल की। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने गोल करने के कई प्रयास किए लेकिन कामयाब नहीं हुए।

दूसरे क्वार्टर में भारत ने मैच में दबदबा बनाते हुए दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन विपक्षी टीम की गोलकीपर मैडी हिंच ने इनका शानदार बचाव किया। ब्रिटेन ने एक बेहतरीन मौके का फायदा उठाने का प्रयास किया लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता पूनिया ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेरते हुए इसे रोक लिया जिससे पहला हाफ गोलरहित रहा।

अंतिम क्वार्टर के पहले ही मिनट में ब्रिटेन की एमिली डेनफ्रोड ने मौके का फायदा उठाते हुए 46वें मिनट में अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। पिछड़ने के बावजूद भारत ने दबाव बढ़ाया और जल्द ही उसे इसका फल मिला। शर्मिला की बदौलत भारत ने 1-1 से बराबरी हासिल की।

मैच ड्रॉ की ओर बढ़ता दिख रहा था और मैच खत्म होने में 48 सेकंड बचे थे कि भारत ने शॉर्ट कॉर्नर हासिल किया और गुरजीत ने इसे गोल में तब्दील कर जीत दिलाई। श्रृंखला का दूसरा मैच रविवार को खेला जाएगा।

पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले में भारत और ब्रिटेन की खिलाड़ी।

नैसर्गिक खेल पर अडिग रहें रोहित : लक्ष्मण

नई दिल्ली, 28 सितंबर (भाषा)।

वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि रोहित शर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी श्रृंखला के दौरान अपने नैसर्गिक खेल पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पारी के आगाज के दौरान तकनीक में बदलाव से उनके खुद के प्रदर्शन पर नकारात्मक असर पड़ा था। लक्ष्मण मध्यक्रम के विशेषज्ञ बल्लेबाज थे, पर उन्हें 1996-98 के बीच में पारी का आगाज करने के लिए कहा गया था लेकिन वह कभी भी इस स्थान पर सहज महसूस नहीं करते थे।

लक्ष्मण ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर दीप दासगुप्ता को उनके यूट्यूब चैनल 'दीप प्वाइंट' को दिए साक्षात्कार में कहा कि सबसे बड़ी फायदे की चीज यह है कि रोहित के पास अनुभव है जो मेरे पास नहीं था। मैंने केवल चार टैस्ट मैच खेलने के बाद टैस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज किया था। रोहित 12 साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके हैं। इसलिए उनमें परिपक्वता और अनुभव मौजूद है और साथ ही वह अच्छी फॉर्म में है।

सबसे बड़ी फायदे की चीज यह है कि रोहित के पास अनुभव है जो मेरे पास नहीं था। मैंने केवल चार टैस्ट मैच खेलने के बाद टैस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज किया था। रोहित 12 साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके हैं। इसलिए उनमें परिपक्वता और अनुभव मौजूद है और साथ ही वह अच्छी फॉर्म में है। मेरा मानना है कि मैंने पारी का आगाज करते हुए जो गलती की वो मानसिकता में बदलाव की थी।

लक्ष्मण ने 134 टैस्ट में 8781 रन बनाए हैं। 44 साल के पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि मेरा मानना है कि मैंने पारी का आगाज करते हुए जो गलती की वो मानसिकता में बदलाव की थी। इसने मुझे मध्यक्रम के बल्लेबाज के तौर पर काफी सफलता दिलाई थी, भले ही वह तीसरे नंबर पर हो या फिर चौथे नंबर पर। मैंने अपनी तकनीक में भी बदलाव करने की कोशिश की थी। मध्यक्रम बल्लेबाज के तौर पर मैं हमेशा 'फ्रंट-प्रेस' के बाद गेंद की ओर जाता था लेकिन सीनियर खिलाड़ियों और कोचों से बात करने के बाद मैंने इसमें बदलाव किया। इस बदलाव ने मेरी बल्लेबाजी प्रभावित की और मैं उम्मीद करता हूं कि रोहित को ऐसा नहीं करना चाहिए। लक्ष्मण ने कहा कि अगर आप अपने नैसर्गिक खेल से ज्यादा छेड़छाड़ करोगे तो आपको परिणाम नहीं मिलेगा क्योंकि आपके दिमाग में उलझन होगी और आप लय खो सकते हो। मैं स्वीकार कर सकता हूं कि जब मैंने पारी का आगाज किया तो मेरी लय प्रभावित हुई।

रोहित ऐसे खिलाड़ी हैं जो लय में आने के बाद अच्छा प्रदर्शन करते हैं और अगर उनकी लय प्रभावित हुई तो यह मुश्किल होगा।

जेकेएनआरसी राउंड-3 के पहले दिन दिलजीत, तनय और रेयान ने बिखेरी चमक

जनसत्ता संवाददाता

कोयंबटूर 28 सितंबर।

डार्क डैन रेसिंग टीम के चालक दिलजीत टीएस ने शनिवार को एफएमएससीआइ नेशनल रेसिंग चैंपियनशिप 2019 के तीसरे राउंड के पहले दिन फामूर्ला एलजीबी-4 रेस में जीत हासिल करते हुए खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा। दिलजीत ने ग्रिड पर तीसरे स्थान से शुरूआत करते हुए खिताब के दावेदार माने जा रहे अपने चिर प्रतिद्वंद्वी विष्णु प्रसाद और एमस्पोर्ट के रघुल रंगास्वामी को पीछे छोड़ते हुए कुल 10 अंक हासिल किए। दिलजीत ने 20.52.145 मिनट समय के साथ पहला स्थान हासिल किया।

इस कटेगरी में डार्क डैन टीम का वर्चस्व रहा। दिलजीत के साथी संदीप कुमार ए ने 20.52.462 मिनट के साथ दूसरा तथा अश्विन दत्ता ने 20.55.619 मिनट के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। रघुल अंतिम रूप से पांचवें स्थान पर रहे जबकि विष्णु ने चौथा स्थान हासिल किया।

इस बीच, एमस्पोर्ट के मोहम्मद रेयान ने जेके नोविस कप में अपना वर्चस्व जारी रखते हुए पहला स्थान हासिल किया।

चेन्नई के रेयान ने दोनों रेसों में स्टाइल के साथ जीत दर्ज की। उनकी टीम के साथी चिराग घोरपड़े ने रेस-1 में दूसरा जबकि बिरेल आर्ट टीम के मिहिर अवालाक्की ने तीसरा स्थान हासिल किया। एमस्पोर्ट के हिमांशु ठुकराल ने रेस-2 में दूसरा स्थान पाया जबकि डीटीएस रेसिंग के किशोर ने तीसरा स्थान हासिल किया।

जेके टायर सुजुकी जिक्सर कप में पुणे के तनय गायकवाड ने बंगलुरू के मुजामिल अली की खराब किस्मत का फायदा उठाया। दोनों राइडर इस राउंड की शुरूआत तक लीडरबोर्ड में बराबरी पर थे। तनय ने हालांकि 14.11.820 मिनट समय के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि मुजामिल पोडियम फिनिश नहीं कर सके।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 315, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।